www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
28 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 70

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# डॉ मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज राजकीय सम्मान से की जायेगी अंत्येष्टि

- निधन पर कैबिनेट की बैठक, शोक प्रस्ताव पारित, सात दिनों का राष्ट्रीय शोक
- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत अन्य नेता अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे
- पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए लाया जायेगा कांग्रेस मुख्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिनांकः 27 अगस्त 2012, स्थानः संसद भवन परिसर। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने एक शेर पढ़ा था, 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी...।' 12 साल बाद गुरुवार को वह हमेशा के लिए 'मौन' हो गये। पूर्व प्रधानमंत्री पद्म विभूषण डॉ मनमोहन सिंह ने 26 दिसंबर को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ शनिवार को होगा। इससे पहले अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय लाया जायेगा। उधर, शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें डॉ मनमोहन सिंह द्वारा देश को दिये गये योगदान को याद किया गया। एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया। देश में सात दिनों के लिए राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को उनके आवास पर देश के तमाम नेताओं का तांता लगा रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेता डॉ मनमोहन सिंह के घर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**गुरुवार को रात 9.15 में ली अंतिम सांसः** मनमोहन सिंह लंबे समय से बीमार थे। गुरुवार को घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी तीन बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी अमेरिका में रहती हैं। वह शुक्रवार रात दिल्ली पहुंचीं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे डॉ सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया जायेगा। यहां सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इसके बाद अंतिम यात्रा सुबह 9:30 बजे दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होगी।

**कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दीः** पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संदेश जारी किया है। उन्होंने लिखा कि हमने एक ऐसे नेता को खो दिया है, जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। उनकी दूरदर्शिता ने लाखों भारतीयों का जीवन बदल दिया और उन्हें सशक्त बनाया।

**सात दिन झुका रहेगा तिरंगा, नहीं होगा कोई समारोहः** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिनों के लिए राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज सभी जगहों पर आधा झुका रहेगा। कोई भी सरकारी कार्यक्रम या उत्सव का आयोजन नहीं किया जायेगा। देश के साथ-साथ उत्तरप्रदेश, झारखंड समेत कई राज्यों ने सात दिनों के लिए राजकीय शोक की भी घोषणा कर दी है।



## फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर कलाकारों ने शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर केवल राजनीतिक क्षेत्र ही नहीं, फिल्म इंडस्ट्री में भी शोक की लहर है। सनी देओल, संजय दत्त, चिरंजीवी समेत कई अभिनेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। चिरंजीवी ने मनमोहन सिंह के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा है, वित्त मंत्री के रूप में उनका दूरदर्शी और देश बदलने वाला योगदान और फिर भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल तक उनका बेहद सफल कार्यकाल इतिहास में दर्ज रहेगा। मैं उनके जैसे दिग्गज नेता के कार्यकाल के दौरान संसद सदस्य और पर्यटन राज्यमंत्री के रूप में कार्य करके खुद को गौरवान्वित और भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं उनके साथ अपनी बातचीत और उनसे मिली प्रेरणा और ज्ञान को हमेशा याद रखता हूं। यह हमारे देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनके परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। आपकी आत्मा को शांति दे मनमोहन जी। सनी देओल ने लिखा, भारत के आर्थिक उदारीकरण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र के विकास में उनकी बुद्धिमत्ता, निष्ठा और योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। संजय दत्त ने लिखा, डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन से गहरा दुख हुआ। भारत के लिए उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जायेगा। स्वरा भास्कर ने मनमोहन सिंह के लिए लिखा, मुझे याद है जब मनमोहन सिंह जेएनयू आये थे। मैं एक छात्रा थी। उन्होने इससे संबंधित याद को पोस्ट किया है। अनुपम खेर ने एक वीडियो शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



## आवास पर इन नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके आवास पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई अन्य नेता पहुंचे।

## राज्यों में दी गयी श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उत्तरप्रदेश, झारखंड, बिहार, केरल, कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में श्रद्धांजलि दी गयी। कर्नाटक के बेलगाम में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धा रमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित कैबिनेट के मंत्री शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी कर्नाटक में मौजूद थीं। तिर्की ने कहा है कि देश ने अब तक के सबसे बेहतर अर्थ शास्त्री को खो दिया है। सौम्य हृदय और मृदु भाषी डॉ मनमोहन सिंह को देश की जनता हमेशा एक सफल प्रधानमंत्री के तौर पर याद रखेगी।

## झारखंड में सात दिनों तक राजकीय शोक, समारोह पर रोक, झंडे झुके रहेंगे

### मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम भी स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड में सात दिनों के लिए राजकीय शोक मनाया जायेगा। झारखंड में भी 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। किसी भी प्रकार का कोई राजकीय समारोह आयोजित नहीं किया जायेगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में सभी उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा गया है। सरकार के इस फैसले से 28 दिसंबर को रांची के नामकुम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर आहुत कार्यक्रम भी रद्द हो गया है। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की महिला सम्मान लाभुकों के खाते में एक साथ 2500 रुपये वितरित करने वाले थे, इस कार्यक्रम की तैयारी भी पूरी कर ली गयी थी। हालांकि, कई लाभुकों के बैंक खाते में 27 दिसंबर से ही राशि डाली जाने लगी है।



# चिराग के करीबी नेता के घर इडी की रेड

## हुलास पांडेय के पटना सहित तीन ठिकानों पर पहुंची टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। बिहार के बहुचर्चित पूर्व विधायक और बाहुबली लोजपा नेता हुलास पांडेय के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को छापेमारी की। इडी की टीम हुलास पांडेय के तीन ठिकानों पर एक साथ पहुंची। जानकारी के अनुसार पटना के दो ठिकानों और बेंगलुरु के एक ठिकाने पर यह छापेमारी चल रही है। हुलास पांडेय लोजपा नेता चिराग पासवान के करीबी नेता बताये जाते हैं।



बता दें कि पटना के गोला रोड स्थित उनके आवास के अलावा बोरिंग रोड इलाके में उनके कार्यालय में भी छापेमारी हुई। बालू के अवैध खनन मामले में यह छापेमारी चल रही है। यह मामला ब्रॉडसन और आदित्य मल्टीकॉम कंपनी के अवैध बालू खनन मामले से जुड़ा हुआ है। हुलास पांडे के ठिकानों पर इडी की रेड को बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। हुलास बिहार से एमएलसी भी रह चुके हैं। फिलहाल वे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (एलजेपीआर) के नेता हैं। केंद्र सरकार में खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के काफी करीबी भी हैं। हुलास पांडे का नाम रणवीर सेना के प्रमुख ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड में भी आया था।

## न्यूज रील्स

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण पांच फ्लाइट रद्द

नयी दिल्ली। देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और बारिश हो रही है। इसके कारण कई जगहों पर तापमान माइनस में हैं। जम्मू-कश्मीर को बर्फबारी के कारण लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे पर पारा -25 डिग्री है। श्रीनगर में तापमान -7.3 डिग्री, पहलगाम में -8.0 और कोनीबल गांव में -9.5 डिग्री रहा। खराब मौसम के कारण शुक्रवार को श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शाम की पांच उड़ानें रद्द की हैं। हिमाचल प्रदेश में ऊंची चोटियों पर तेज बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश जारी है। स्नोफॉल को लेकर सीजन का पहला ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। शुक्रवार रात और शनिवार को सात जिलों में भारी बर्फबारी का अलर्ट है। चार शहरों में पारा माइनस में है।

### मणिपुर के दो जिलों में फायरिंग

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकली जिलों में पिछले 4 दिन से कुकी और मैतेई ग्रुप के बीच फायरिंग हो रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मोर्टार भी दागे गए हैं। ताजा हिंसा में सनसाबी इलाके में उग्रवादियों से मुठभेड़ में पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी का नाम के. हरिदास (37) है। उसके बाएं कंधे पर गोली लगी। उसका जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान इलाज जारी है। एक और ग्रामीण घायल है, उसका भी इलाज जारी है। 24 दिसंबर से दोनों जिलों के कई इलाकों में जारी गोलीबारी से यिंगांगपोकपी, थमनापोकपी, थंबापोकपी, सबुंगखोक खुनौ, शांति खोंगबल, सनसाबी सहित दूसरे इलाकों में दहशत है। यिंगंगपोकपी में ग्रामीणों ने अधिकारियों से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है। लोगों के मुताबिक पहाड़ी से मैदानी इलाकों गोलीबारी की जा रही है।

# रिम्स के इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ायें: इरफान

## स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स का किया निरीक्षण, अधिकारियों को कई निर्देश दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि यह राज्य की एक लाइफलाइन है। जहां पूरे राज्य से बीमार लोग बड़ी उम्मीद के साथ इलाज के लिए आते हैं। यहां ज्यादातर गरीब लोग इलाज के लिए आते हैं। निदेशक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को रिम्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रिम्स इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ाने समेत कई अन्य निर्देश दिये।

**व्यवस्था देख कर हुए नाराजः** स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स में एक-एक व्यवस्था का जायजा लिया। वहां की व्यवस्था से वह असंतुष्ट हुए। वे मरीजों के इलाज और उन्हें दी जा रही दवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निदेशक डॉ राजकुमार को कई बार फटकार भी लगायी। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। उनसे दवा मिलने, डॉक्टर के ड्यूटी पर रहने समेत कई तरह के सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड की जनता की सेवा के लिए समर्पित है और इसमें स्वास्थ्य विभाग की भूमिका काफी अहम है।



## पुराने उपकरण बदले जायेंगे

इरफान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसका सख्ती से पालन किया जायेगा। मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को नयी ऊंचाई पर ले जाया जाये। मैं इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। उन्हीं निर्देशों के तहत आज रिम्स का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि यहा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाये जायेंगे। 10 साल से पुराने सभी चिकित्सा उपकरण बदले जायेंगे। जल्द ही सेंट्रल लैब की शुरुआत की जायेगी। निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि दो महीने के अंदर रिम्स इमरजेंसी में बेड की संख्या 40 से बढ़ा कर 120 कर दी जायेगी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting

J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
198000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |



# रणनीतिक चूक और नकली हवाबाजी के कारण झारखंड में भाजपा हार गयी

## ■ प्रत्याशी चयन ही नहीं, जिम्मेदारी के बंटवारे में भी हुई भारी गलती
## ■ उपलब्ध मानव संसाधन का सही इस्तेमाल नहीं करना भी पड़ा भारी
## ■ बाहरी नेताओं के टेकओवर से स्थानीय नेता खोते गये कांफिडेंस
## ■ रही सही उम्मीदों पर अपनों ने ही पानी फेर दिया

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा का चुनाव संपन्न हुए अब एक महीने से भी अधिक का समय बीत चुका है। तमाम रिकॉर्ड बनाते हुए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार कामकाज संभाल चुकी है। इस चुनाव परिणाम से भाजपा के समक्ष जो एक गंभीर सवाल पैदा हुआ है, उसका ठीक-ठीक जवाब अब तक नहीं मिला है। यह सवाल है आखिर भाजपा इस चुनाव में इतनी बुरी तरह क्यों हारी। इस सवाल का जवाब भाजपा अपने स्तर से अलग-अलग कोणों से तलाश रही है। हार की समीक्षा भी हुई है और कई कारण भी सामने आये हैं, जिनमें वोटरों के बिदकने से लेकर स्थानीय नेताओं की उपेक्षा और भितरघात तक की बातें कही गयी है, लेकिन हकीकत यही है कि असली कारण किसी ने नहीं बताया है। दरअसल, झारखंड में भाजपा की इस चुनावी पराजय के असली कारण बेहद चौंकाने वाले हैं। इन कारणों के बारे में अब तक कोई चर्चा ही नहीं हुई है। झारखंड भाजपा की लगातार दूसरी पराजय के इन कारणों में रणनीतिक चूक ही प्रमुख है। इसके अलावा प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव प्रबंधन के क्रम में जिम्मेदारियों के बंटवारे में हुई गलती ने पार्टी की हार की पटकथा लिखी। उपलब्ध मानव संसाधन का सही इस्तेमाल नहीं करने से स्थानीय नेताओं में पैदा हुई उदासीनता ने पार्टी की संभावनाओं को पलीता लगा दिया। इसके अलावा भी कई अन्य कारण हैं। दरअसल इस सवाल का जवाब अब इसलिए भी नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि चुनाव के दरम्यान बाहर से आये जिस नेता ने प्रदेश भाजपा को टेकओवर कर लिया था, वह अपने राज्य को लौट गये हैं। उनके खिलाफ बोलने की ताकत किसी में भी नहीं है। क्या है भाजपा की हार के कारण और क्या है इस निष्कर्ष का आधार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा का चुनाव संपन्न हुए एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की सरकार ने रिकॉर्ड जीत हासिल कर लगातार दूसरी बार सत्ता संभाल ली है और भाजपा अपनी इस करारी हार से बुरी तरह हताश है। चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद से अब तक एक तरफ जहां झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की जीत के कारणों का विश्लेषण-आकलन किया जा रहा है, वहीं भाजपा की पराजय की चर्चा भी हो रही है।

भाजपा के भीतर भी हार के कारणों की समीक्षा के लिए बैठकें हुई हैं, रिपोर्ट तैयार की गयी हैं, लेकिन हकीकत यही है कि उस रिपोर्ट में हार के सबसे प्रमुख कारण का जिक्र तक नहीं किया गया है, जिसके कारण भाजपा यहां चारों खाने चित्त हो गयी। इन सबके बीच झारखंड विधानसभ चुनाव के इस परिणाम ने झारखंड की सियासत पर नजर रखनेवालों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। ये राजनीतिक प्रेक्षक भी इंडी गठबंधन की जीत से अधिक भाजपा की हार का विश्लेषण कर रहे हैं। इन विश्लेषणों में जो कुछ प्रमुख कारण सामने आये हैं, वे बेहद चौंकानेवाले हैं।

### कारण नंबर 1 : प्रत्याशी चयन में चूक

भाजपा की हार का पहला कारण बेहद आम है और वह है प्रत्याशी चयन में चूक। लेकिन यह चूक इस बार भाजपा के लिए आत्मघाती बन गयी, इसे दो-तीन प्रत्याशियों से समझा जा सकता है। पार्टी ने कांके विधानसभा सीट से सीटिंग विधायक समरी लाल के स्थान पर पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम को टिकट दिया। वह 2014 से 2019 तक विधायक थे और 2019 में उनकी निष्क्रियता और कार्यकर्ताओं के प्रखर विरोध के कारण उनका टिकट काटा गया था। इस बार जब उन्हें टिकट दिया गया, तो कार्यकर्ता भी स्तब्ध हो गये। कार्यकर्ता यह पूछ रहे थे कि क्या डॉ राम की निष्क्रियता खत्म हो गयी। कार्यकर्ता अंदर ही अंदर घुटन महसूस करने लगे। उनके सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गयी कि जिस उम्मीदवार की निष्क्रियता के कारण उन्होंने पिछले चुनाव में उसका विरोध किया था, अब उसी का चेहरा लेकर वे इस बार जनता के पास किस मुंह से वोट मांगने जायेंगे। पार्टी नेतृत्व के पास इसका कोई जवाब नहीं था। नतीजा यह हुआ कि पार्टी यह सीट हार गयी।

कांके में प्रत्याशी चयन के अलावा एक और बड़ा कारण था। कांके में कमलेश राम भाजपा के टिकट के दावेदार थे। जब उन्हें टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने बागी के रूप में मैदान में कूदने का मन बना लिया। उन्हें मनाने के लिए ऐसा नेता उनके घर पहुंच गया, जिसके हाथ में झारखंड चुनाव की एक तरह से पूरी जिम्मेदारी थी। उन्हें यह पता नहीं होगा कि कमलेश राम की नेता के रूप में पहचान कम, दबंगई के कारण ज्यादा रही है। उनका कद इतना बड़ा नहीं था कि भाजपा का वह शख्स उनके दरवाजे पर मनाने जाये, जो पूरी रणनीति बना रहा हो। इतना ही नहीं कमलेश राम को लेकर वे नेता हेलीकॉप्टर की भी सैर कराने लगे। इसे शायद वे नेता अपनी बड़ी कामयाबी समझ बैठे। इसका कार्यकर्ताओं पर बुरा असर पड़ा। पार्टी के तपे-तपाये कार्यकर्ता उदासीन हो गये। इतना मान सम्मान पाने के बावजूद कमलेश राम ने कांके विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी जीतू चरण के पक्ष में कोई काम नहीं किया। वह चंदनक्यारी चले गये। समझा जा सकता है कि चंदनक्यारी में उनकी क्या उपयोगिता थी। अगर यह भाजपा की रणनीति का हिस्सा था, तो समझा जा सकता है कि रणनीतिकार कैसे रहे होंगे।

इसी तरह गुमला से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत को प्रत्याशी बनाया गया था। वह लोहरदगा के तीन बार सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा वह गुमला के विधायक भी रह चुके हैं। गुमला के भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि एक ही व्यक्ति को लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक में टिकट दिया जायेगा, तो फिर दूसरे नेता-कार्यकर्ता क्या करेंगे। गुमला से मिसिर कुजूर टिकट के दावेदार थे। उन्होंने पांच साल तक गुमला में खूब काम किया था, इस उम्मीद में कि उन्हें जरूर टिकट मिलेगा, लेकिन उनकी जगह उस चेहरे को ही मैदान में उतार दिया गया, जिसे इससे पहले लोकसभा चुनाव में योग्य उम्मीदवार नहीं माना गया था। यही नहीं, मिसिर उरांव को मनाने वे नेता उनके घर गये, जिनका झारखंड से कोई नाता ही नहीं था। वहां जाकर मिसिर कुजूर के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया कि नामांकन वगैरह की तैयारी में जो खर्च हुआ है, उसे वे ले लें और चुनाव में नहीं उतरें। मिसिर कुजूर यह चाह रहे थे उन लोगों के पास वे अपनी बात रखें या वे लोग उनको आश्वासन दें, जो झारखंड के हैं। लेकिन झारखंड के नेताओं से उनकी बात नहीं करायी गयी, जिस पर मिसिर कुजूर को भरोसा था। परिणाम यह हुआ कि मिसिर कुजूर निर्दलीय चुनाव लड़ गये। फिर वही हुआ, जिसका अंदेशा था। यही बात बिशुनपुर में हुई, जहां पार्टी ने समीर उरांव को टिकट दिया। समीर उरांव राज्यसभा सांसद रह चुके हैं, पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी थे और इस बार बिशुनपुर से उन्हें टिकट दिया गया। वहां भी कार्यकर्ताओं ने यही सवाल किया कि आखिर समीर उरांव को कितनी बार मौका मिलेगा। पार्टी की दूसरी पंक्ति के नेताओं का क्या होगा।



### कारण नंबर 2 : नाराजगी दूर करने की अधूरी कोशिश

भाजपा की हार का दूसरा कारण असंतुष्टों की नाराजगी दूर करने की अधूरी कोशिश रही। टिकट वितरण के बाद भाजपा में असंतुष्टों की बाढ़ आ गयी। जिन दावेदारों को टिकट नहीं मिला, वे नाराज हो गये। यह हर चुनाव में हर पार्टी के साथ होता है और हर बार हर पार्टी असंतुष्टों को मनाने की कोशिश करती है। इस बार भाजपा ने भी कोशिश की, लेकिन आधे-अधूरे मन से। इसका उदाहरण कांके, गुमला और देवघर में देखने को मिला।

यही हाल देवघर में हुआ। पार्टी ने निवर्तमान विधायक नारायण दास को टिकट दिया, लेकिन उनसे नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं को मनाने की कोई कोशिश नहीं की गयी। यहां तक कि सांसद समर्थकों को पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ खुलेआम काम करने से रोकने की कोशिश नहीं की गयी। सबको पता था कि लोकसभा चुनाव में सांसद समर्थकों और विधायकों समर्थकों के बीच खुलेआम नोकझोंक हुई थी दोनों से दो-दो हाथ करने की पूरी तैयारी कर ली गयी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि पार्टी वहां से भी हार गयी।

### कारण नंबर 3 : चुनावी जिम्मेदारी बांटने में चूक

पार्टी की हार का तीसरा कारण चुनावी जिम्मेदारी बांटने में चूक रही। पार्टी ने चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी ऐसे नेताओं को सौंपी, जिनके पास न तो संबंधित इलाके की कोई जानकारी थी और न अनुभव। पार्टी के कई विधानसभा प्रभारी तो ऐसे थे, जो पहली बार उस इलाके में गये थे। उन्हें न इलाके की भौगोलिक जानकारी थी और न सामाजिक समीकरणों का ज्ञान। ऐसे में वे चुनाव अभियान के लिए कुछ मुट्ठी भर कार्यकर्ताओं पर निर्भर हो गये, जिसका नुकसान पार्टी को हुआ।

### कारण नंबर 4 : प्रमुख नेताओं की अनदेखी

भाजपा की हार का एक कारण यह भी रहा कि पार्टी ने कई प्रमुख नेताओं की पूरी तरह अनदेखी की। उदाहरण के लिए आशा लकड़ा का नाम ही प्रमुख है। रांची की पूर्व मेयर और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने पिछले पांच साल में पार्टी के पक्ष में जबरदस्त काम किया था। उन्होंने सुर्खियां भी खूब बटोरी थीं। कई राज्यों में चुनाव प्रचार अभियान के अलावा संगठन के काम में भी उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, लेकिन उनके अपने घर झारखंड में ही उन्हें पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया।

इसी तरह पार्टी ने अपने मोर्चों को भी चुनाव से अलग रखा। पार्टी के सात मोर्चे हैं, लेकिन किसी भी मोर्चे के अध्यक्ष को टिकट तो नहीं ही दिया गया, विधानसभा प्रभारी तक की जिम्मेदारी नहीं दी गयी। उन्हें केवल नेताओं की आवभगत करने और माला पहनाने या भीड़ जुटाने के काम में लगाये रखा गया। यह भी एक हकीकत है कि पार्टी ने आज तक झारखंड में अपने सभी मोर्चों में से केवल एक को टिकट दिया है। वह हैं अनंत ओझा, जो युवा मोर्चा के थे। उन्होंने 2019 में राजमहल से चुनाव जीत कर अपनी सार्थकता सिद्ध की। लेकिन इस बार पार्टी ने किसी मोर्चे के किसी नाम पर विचार ही नहीं किया। इसका नतीजा यह हुआ कि ये नेता और कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी के नेतृत्व से पूरी तरह कट गये और चुनाव के प्रति उदासीन रह गये।

### मोर्चा को नजरअंदाज करना

भाजपा ने चुनाव में टिकट देते समय अपने तमाम मोर्चों को नकार दिया। एक भी मोर्चा से किसी को टिकट नहीं दिया गया। इससे पार्टी में युवा नेताओं की कमी होती जा रही है। बहुत पहले युवा मोर्चा से अनंत ओझा को टिकट दिया गया था। उन्होंने अपनी काबिलियत भी सिद्ध की। उन्होंने पार्टी में एक अच्छी जबह बनायी। उसके बाद मोर्चा के नेताओं का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ पार्टी नेताओं का स्वागत करने, सड़क पर उतर कर आंदोलन करने और लाठी-डंडा खाने के लिए किया गय ा। इसका बहुत गलत असर युवाओं में हुआ और वे पूरी तरह उदासी हो गये।

अब आगे क्या हो सकता है

भाजपा झारखंड की इस हार से बुरी तरह हताश है, हालांकि वह अपनी स्थिति सुधारने के लिए नये सिरे से जुट गयी है। पार्टी को समझना होगा कि उसका जनाधार या वोट कम नहीं हुआ है। पार्टी ने 2019 के चुनाव में अकेले 50 लाख से अधिक वोट हासिल किये थे और इस बार उसे 59 लाख से अधिक वोट मिले हैं। इसलिए यह मानना कि उसका जनाधार कम हुआ है, गलत होगा। पार्टी को अब संगठन के मोर्चे पर काम करना होगा। झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए पार्टी को स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को नये सिरे से प्रशिक्षित करना होगा। संगठन में ऐसे नेताओं को जिम्मेदारी देनी होगी, जो 24 घंटे जनता के बीच रहते हैं। जब तक ऐसा नहीं होगा, भाजपा झारखंड में हेमंत सोरेन की मजबूत किलेबंदी में सेंध नहीं लगा सकती।

---

# झारखंड में शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ मिलेगा या नहीं, सुनवाई 9 जनवरी को होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भी शिक्षकों के एमएसीपी का लाभ मिलना चाहिए इस पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई जारी है। सहायक शिक्षकों को संशोधित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना (एमएसीपी) के लाभ को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में 9 जनवरी 2025 को फाइनल सुनवाई होगी। प्रार्थी की और से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने वेतन के लिए समान अधिकारों से संबंधित संविधान की आर्टिकल 14,16 का हवाला देते हुए कहा कि जब झारखंड सरकार के तृतीय वर्ग के कर्मियों को एमएसीपी का लाभ मिल रहा है, तो स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है? जबकि




झारखंड के कल्याण व आदिवासी विभाग के अधीन संचालित आवासीय एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों में भी शिक्षकों को इसका लाभ दिया रहा है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि बिहार सरकार के वर्ष 1993 की नियमावली से तृतीय वर्ग के कर्मियों का वेतन निर्धारित होता है, नियुक्ति-प्रोन्नति होती है, उसे बिहार सरकार संशोधित करते हुए अपने राज्य के शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों तरह एमएसीपी का लाभ दे रही है, लेकिन झारखंड में स्कूली साक्षरता विभाग के शिक्षकों के लिए एमएसीपी लाभ देने की पॉलिसी निर्धारित नहीं की गयी है।

वहीं झारखंड सरकार की शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि नियमावली 1993 के तहत एमएसीपी का लाभ इन शिक्षकों को नहीं दिया जा सकता है। इस पर प्रार्थी की ओर से कहा गया कि बिहार सरकार की ओर से राज्य सरकार भी नियमावली में संशोधन कर सकती है।

बता दें कि कि प्रार्थीगण जामताड़ा जिला में सहायक शिक्षक के पद पर वर्ष 2004-5 से कार्यरत हैं। इनकी ओर से वर्ष 2023 में हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि जिस नियमावली से इनकी नियुक्ति-प्रोन्नति होती है, उसके तहत बिहार सरकार शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों तरह एमएसीपी का लाभ दे रही है, लेकिन यह लाभ झारखंड में स्कूली साक्षरता विभाग के शिक्षकों को नहीं मिल रहा है। प्रार्थी सहायक शिक्षक किरण कुमारी हेम्ब्रम व अन्य की ओर से याचिका दायर गयी है। उन्होंने एमएसीपी का लाभ दे की मांग की है।

---

# हजारीबाग सदर एसडीओ के खिलाफ लोहसिंधना थाना में की गयी शिकायत

**कहा, एसडीओ के परिवार के करीबियों ने घटना को दिया अंजाम**

**एसडीओ सहित उनके माता-पिता-भाई और उनकी पत्नी को बताया आरोपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी के जलने की घटना में चौका देने वाले मामला सामने आया हैं। इसमें अवैध संबंध का शक आग लगने की वजह बतायी जा रही है। एसडीओ पति की बेवफाई का दर्दनाक अंजाम सामने आया है। सदर एसडीओ के खिलाफ लोहसिंधना थाना में शिकायत पहुंच गयी है। सदर एसडीओ की पत्नी अनीता देवी के भाई राजकुमार गुप्ता शुक्रवार को शाम मामला थाना पहुंचे। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि लोहसिंधना थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया है कि उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है।

इस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। पुलिस को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि उनकी बहन अनीता कुमारी को पति अशोक कुमार, ससुर दुर्योधन साहू, देवर शिवनंदन कुमार एवं रिंकू देवी ने जान करने के नीयत से आग से जला दिया है। राजू कुमार गुप्ता, पिता ज्ञानी चंद्र गुप्ता, पता कृष्णा नगर उत्तरी शिवपुरी थाना पेलावल ने कहा है कि 26 दिसंबर गुरुवार को सुबह 8.45 बजे पूर्वाहन मेरी छोटी बहन अनीता कुमारी, पति अशोक कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग (उम्र 34 वर्ष) पता अनुमंडल पदाधिकारी सदर के सरकारी आवास झील रोड थाना लोहसिंघना, अशोक कुमार का छोटा भाई शिवनंदन कुमार, पिता दुर्योधन साव (उम्र 38 वर्ष) ने फोन के माध्यम से सूचना दी की उनकी बहन जल गयी है। इतना कह कर फोन काट दिया।

आनन-फानन में पुनः फोन किया, तो पता चला कि आरोग्यम हॉस्पिटल हजारीबाग से रेफर कर दिया है। बोकारो बीजीएस हॉस्पिटल ले के जा रहे हैं। बीच रास्ते में है, जबकि घटना कैसे हुई, कब हुई, सो नहीं बताया गया। घटना के बारे में पता करने में पता चला कि यह घटना सुबह सात बजे की है। जब हम लोग मिलने बोकारो बीजीएस हॉस्पिटल पहुंचे, तो देखा कि उनकी बहन का शरीर और मुंह काफी जल गया है।

हास्पिटल के डॉक्टर से मिलने पर बताया गया कि अनीता कुमारी 65 प्रतिशत जल चुकी है। उनकी बहन को तारपीन तेल से छिड़क कर पति अशोक कुमार, भाई शिवनदंन कुमार, दोनों पिता दुर्योधन साव, रिंकू देवी, पति शिवनंदन कुमार एवं दुर्योधन साव पिता नामालूम ने षंड्यंत्र रच कर जान मारने की नीयत से शरीर पर तारपीन तेल छिड़क कर जला दिया है। क्योंकि उनकी बहन बार-बार बोलती थी कि पति अशोक कुमार का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद भी होता रहता था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.1 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.10 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.28 बजे | |



# नयी दिल्ली में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

## देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उनके आवास जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि मनमोहन सिंह का निधन संपूर्ण भारत की अपूरणीय क्षति है। मनमोहन सिंह इस देश में ऐसे व्यक्तित्व के रूप में जाने जायेंगे, जिन्होंने अर्थव्यवस्था की सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये। देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में डॉ. मनमोहन सिंह का नाम सदैव याद किया जायेगा। एक सामान्य परिवार से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री तक की उनकी यात्रा प्रेरणादाई है। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किये।



## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार देर रात ट्वीट कर कहा है कि महान अर्थशास्त्री, सहज, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन की दुखद सूचना से मन व्यथित है। देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## एक युग का अंत हो गया : जैलेंद्र कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी संवेदना एवं दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के विद्यार्थी, कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी, विख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह के निधन से एक युग का अंत हो गया है। आर्थिक उदारीकरण और देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने वाले, विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले, उद्योगों को प्रोत्साहित कर भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था के समकक्ष लानेवाले मनमोहन सिंह का एहसान देश कभी नहीं भूल पायेगा। उन्होंने भारत को आर्थिक मजबूती और वैश्विक पहचान दिलायी।

## झारखंड विस अध्यक्ष ने डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर किया शोक व्यक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किये हैं। अध्यक्ष ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन से दुखी हूं। वे भारत के आर्थिक विकास के जनक थे। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारत के वित्त मंत्री एवं भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ता के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनायीं, इसके लिए वे सदैव याद किए जायेंगे। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कुशल आर्थिक नीतियां देश को दिशा दी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की मार्गदर्शक के रूप में जब भी एक राजनेता को याद किया जायेगा, स्वर्गीय मनमोहन सिंह की कमी हमेशा खलेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें एवं उसके चाहने वालों को इस विकट घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे।

## भारत ने एक महान अर्थशास्त्री खो दिया : राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दुःख व्यक्त किया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि देश ने एक महान अर्थशास्त्री और राजनेता को दिया है, जिसकी भरपाई कर पाना बहुत मुश्किल है। प्रसाद ने कहा कि जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था, उस समय तब डॉ मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहते हुए आर्थिक संकट से भारत को निजात दिलायी थी। प्रसाद ने कि डॉ मनमोहन सिंह एक ईमानदार एवं व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। डॉ मनमोहन सिंह का निधन को देश के लिए अपूर्णिय क्षति बताया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार में सफलता,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।

**वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे,निर्माण कार्य में प्रगति.धनलाभ के अवसर बनेंगे।

**कर्क** — नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि,मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — समय अनुकूल है,आय के नये स्रोत मिल सकता है,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है,धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या,खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

## समय, काल और परिस्थितियों के मद्देनजर मनमोहन सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री रहे : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि समय, काल और परिस्थितियों के मद्देनजर डॉ मनमोहन सिंह वैसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री थे, जिनके द्वारा लिये गये अनेक दूरगामी निर्णय के कारण देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि अपनी सादगी, विनम्रता, विद्वता, देशभक्ति, सुदृढ़ फैसले और समय की अनुकूल सटीक निर्णय लेना मनमोहन सिंह की ऐसी पहचान थी, जो हमेशा न केवल सभी को प्रेरणा देती रहेगी बल्कि उनकी पहचान को चीरकाल तक कायम रखेगी। श्री तिर्की ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह विद्वान, सौम्य, बौद्धिक, अनुभवी और जानकार तो थे, लेकिन वह कांग्रेस के ऐसे समर्पित सिपाही थे, जो कांग्रेस के प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता को उत्प्रेरित करता रहेगा। श्री तिर्की ने कहा कि उनके द्वारा किये गये योगदान के कारण ही आज कांग्रेस की नीतियों का फायदा जमीनी स्तर पर करोड़ों लोगों को मिल रहा है। श्री तिर्की ने कहा कि डॉ सिंह अपने पूरे जीवन में चाहे जिस पद पर भी रहे हों, लेकिन उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और वित्त मंत्री के रूप में उदारीकरण, वैश्वीकरण और खुले बाजार की रणनीति से देश, आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत अधिक मजबूत हुआ।

## अंबा प्रसाद ने दिल्ली पहुंच कर मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद शुक्रवार को दिल्ली पहुंचीं। यहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आवास पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंबा प्रसाद ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आर्थिक सुधारों के पुरोधा, विश्व विख्यात अर्थशास्त्री और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। अंबा ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने शोक-संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना भी की।

## सूचना के अधिकार के लिए पूरा देश याद रखेगा : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा रांची ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश के लिए अनेक महत्वपूर्ण काम कि/२। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी ने आर्थिक सुधार, शिक्षा का अधिकार, रोजगार गारंटी योजना, पहचान के लिए आधार, भूमि अधिग्रहण कानून, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सहित देश में शासन प्रशासन में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार को हटाने के लिए जनता को सूचना का अधिकार कानून दिया था।

## आर्थिक सुधारों के लिए याद किये जायेंगे मनमोहन सिंह : डॉ लंबोदर


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने प्रख्यात अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने सर्वप्रथम बतौर वित्त मंत्री के रूप में देश में आर्थिक उदारीकरण का दौर प्रारंभ किया। उसके बाद प्रधानमंत्री के रूप में देश में आर्थिक सुधारों की दिशा में बेहतर कार्य करने के साथ -साथ कई उल्लेखनीय कार्य किया। आर्थिक नीतियों व वित्तीय मामलों में अपनी छाप आम जनमानस के बीच छोड़ गये हैं। उनके दूरदर्शी सोच, दक्षता से भरे किए गए कार्य सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनका जीवन शैली सरल व सादगी से भरा था। उनके निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को रजनीकांत ने भेंट की 'योगी कथामृत'

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हाल ही में विश्व शतरंज चैंपियन बने डी गुकेश जब अपने परिवार के साथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत से मिले, तो उन्हें परमहंस योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' (योगी कथामृत) पुस्तक भेंट में मिली। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 18 वर्षीय गुकेश दोम्माराजू ने लिखाः सुपरस्टार रजनीकांत सर को आपकी हार्दिक शुभकामनाओं और आमंत्रित करने, समय बिताने और हमारे साथ अपना ज्ञान साझा करने के लिए धन्यवाद।

सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश की यह पोस्ट वायरल हो गयी है। इसमें गुकेश सुपरस्टार रजनीकांत के साथ खड़े योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' हाथ में लिये नजर आते हैं।

**'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी'** : परमहंस योगानंदजी की पुस्तक 'योगी कथामृत' विश्व के सर्वाधिक प्रशंसित आध्यात्मिक गौरव ग्रंथों में से एक है। यह सन 1946 में प्रकाशित की गयी थी और इसकी 75वीं जयंती मनायी जा चुकी है। 14 भारतीय भाषाओं सहित संपूर्ण विश्व की 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित श्रीश्री परमहंस योगानंद का यह जीवन वृत्तांत, आधुनिक युग की एक महान आध्यात्मिक विभूति का चित्ताकर्षक वर्णन होने के साथ-साथ प्राचीन दर्शन एवं योग विज्ञान और ध्यान की परंपरा का एक गहन परिचय भी है।

## जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2024 के पोस्टर का विमोचन

### 5 जनवरी को ऑड्रे हाउस में किया जायेगा आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्य के प्रतिष्ठित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2024 का आयोजन पांच जनवरी को ऑड्रे हाउस किया जायेगा। इसके मद्देनजर शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित निजी रेस्टोरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक रितेश उरांव, संस्थापक सचिव निरंजन भारती, केंद्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलको, मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के शैलेंद्र दुबे और संगीता तिर्की केंद्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा के हाथों हुआ। कार्यक्रम में रितेश उरांव ने कहा कि इस वर्ष जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत पांच कैटेगरी में पुरस्कार दिये जायेंगे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवंत पर्यंत) और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं। इन सभी केटेगरी में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं आदि को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी जल्द ही इन सभी को चयनित कर सूची सौंपगी। इस सभी लोगों के नामों की घोषणा जल्द की जायेगी। प्रदीप मिर्धा ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन कई वर्षों से खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहा है। इस कड़ी में हर साल हॉकी के जादूगर जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर खेल पुरस्कार का आयोजन करती है। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप देने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा संगीता तिर्की, रचनात्मक निदेशक मुकेश भगत, संरक्षक सूरज टोप्पो संरक्षक के अलावा पंकज कुशवाहा, विक्की करमाली और अनिरुद्ध पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना: 800 करोड़ रुपये आवंटित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद ग्रामीण विकास विभाग में आवास योजना की क्रियान्वयन के लिए 800 करोड़ रुपये का आवंटन करने की स्वीकृति दी है। हालांकि आवंटित 800 करोड़ के अंतर्गत कुल पुनरीक्षित उपबंध राशि 41 अरब 31 करोड़ 83 लाख 29 हजार मात्र के वित्तीय वर्ष 24 25 में विकलनीय होगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया है। अबुआ आवास योजना शुरू होने से अब तक 2000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी थी। पहले किस्त में 1000 करोड रुपये जारी किये गये थे। दूसरी किस्त में 300 करोड़ और तीसरी किस्त में 700 करोड रुपये दिया गया था। अब चौथी किस्त में 800 करोड रुपये जारी कर दिये गये हैं। यानी अब तक 2800 करोड़ रुपये अबुआ आवास योजना से जारी किया गया है। इस योजना से अब तक 28 फीसदी आवास पर काम शुरू हुआ है। पाकुड़ में सर्वाधिक काम किया गया है। बता दें कि करीब लंबे समय से राशि नहीं मिलने की वजह से योजना का काम अटका हुआ था। ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन योजनाओं में ढलाई तक का काम हो गया है, उसे अविलंब चौथी किस्त की राशि दी जाये। इसी तरह अन्य चरणों के हिसाब से भी राशि दी जायेगी। बता दें कि अबुआ आवास योजना से पहले वित्तीय वर्ष 2 लाख आवास स्वीकृत किये गये थे प्रत्येक लाभुक को तीन कमरे के आवास के लिए 2 लाख रुपये का आवंटन किया जाना है। वहीं बीते बस 24- 25 में 4।50 लाख का आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इनमें करीब 2 लाख के काम में हजार आवास की स्वीकृति दी गयी है। अब राज्य सरकार ने सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अबुआ आवास योजना के तहत 800 करोड़ रुपये फिर से जारी किया है।

# जनम-जनम के दुःख निवारे सूका मन साधारे दरशन भेटत हो निहाला हरि का नाम विचारे...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा शुक्रवार को चौथे दिन प्रभात फेरी निकली गयी। प्रभात फेरी सुबह 5।45 बजे गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा,नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा, राजेंद्र मक्कड़, स्वर्ङ्ग गामा सिंह, नंद किशोर अरोड़ा की गली तथा गेरा चौक होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंचकर सुबह 8.15 बजे अरदास के साथ समाप्त हो गयी।

फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ,गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, गूंज काठपाल, बबीता पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने जनम जनम के दुःख निवारे सूका मन साधारे, दरशन भेटत हो निहाला हरि का नाम विचारे... एवं दीन दइआल भरोसे तेरे सभु परवारू चड़ाइआ बेड़े... तथा श्रवण बाणी सहजि जाणी हरि नामु जपि वडभागै, बिनवंति नानक सरणि सुआमी जीउ पिंडु प्रभ आगै... जैसे कई शबद गायन करते हुए कॉलोनी की गलियों को गोबिंदमय कर दिया।

सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठा कर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की।

सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि नये साल के आगमन की खुशी में 1 जनवरी बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जायेगा। दीवान की शुरुआत भाई महिपाल सिंह द्वारा सुबह 7:15 बजे आसा दी वार कीर्तन से होगी।

तत्पश्चात विशेष रूप से रांची पधार रहे सिख पंथ के महान कथा वाचक ज्ञानी माण सिंह, साबका हेड ग्रंथी तख्त हरमंदिर साहिब, अमृतसर वाले कथा वाचन कर साध संगत को निहाल करेंगे। सुबह 8:45 बजे से 10 बजे तक भाई कमलजीत सिंह, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, अमृतसर शबद कीर्तन से संगत को गुरुवाणी से जोड़ेंगे। दीवान की समाप्ति सुबह सवा दस बजे होगी। इस मौके पर गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा चाय नाश्ते का लंगर चलाया जायेगा।

प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, मोहित झंडई, राकेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, इंदर मिढ़ा, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, आशीष दुआ, विनीत खत्री, रिक्की मिढ़ा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, कुणाल चूचरा, पंकज मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, तनय काठपाल, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, कमल अरोड़ा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, चंदन गिरधर, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, मंजीत कौर, किरण अरोड़ा, ममता थरेजा, ममता सरदाना, नीतू किंगर, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, सुषमा गिरधर, मनोहरी काठपाल, श्वेता मुंजाल, गुड़िया तलेजा समेत अन्य शामिल हुए।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## नामकुम में 300 बेड का अस्पताल मार्च-अप्रैल 2025 तक शुरू हो जायेगा

# मेडिकल कॉलेज के संचालन से दूर होगी डॉक्टरों की कमी : राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को चैंबर भवन में नियोक्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि नियोक्ता हमारे मुख्य स्टेकहोल्डर्स हैं। चिकित्सकीय सुविधा में सुधार के लिए बीमा निगम द्वारा नियोक्ता और बीमितों के फीडबैक से सुधार के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। नये वर्ष में मार्च-अप्रैल तक नामकुम स्थित 300 बेड के अस्पताल का संचालन प्रारंभ हो जायेगा। एसआइसी द्वारा इस वर्ष देश भर में 10 नये मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसके तहत नामकुम में भी एक मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है। अगले सत्र से मेडिकल कॉलेज भी शुरू होगा। मेडिकल कॉलेज के संचालन से चिकित्सकों की कमी दूर होगी और इससे चिकित्सकीय सेवा में भी बेहतर सुधार होगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सभी नियोक्ताओं से इसका लाभ लेने की अपील की।




निगम की योजनाओं से नियोक्ता और कर्मचारी अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें, इस हेतु उन्होंने इस प्रकार के शिविर का आयोजन राज्य के प्रत्येक जिले में करने का सुझाव भी दिया।

श्रम उप समिति चेयरमैन प्रमोद सारस्वत ने निगम के पोर्टल में सुधार, इएसआइसी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में मरीज को रेफर करने में परेशानी, इएसआइसी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, बीमा निगम की योजनाओं पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन करने, जमशेदपुर स्थित अस्पताल का संचालन जल्द प्रारंभ करने, बीमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेन रोड, रातू रोड और हरमू रोड में डिसपेंसरी खोलने की बात कही। बीमितों और नियोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक माह ऑनलाइन सुविधा समागम बैठक का आयोजन पुनः प्रारंभ करने के कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी के आग्रह पर क्षेत्रीय निदेशक ने सहमति जतायी। रांची में बीमितों की बढती संख्या को देखते हुए हटिया क्षेत्र में एक अतिरिक्त अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव देने की बात पर क्षेत्रीय निदेशक ने इसपर विचार के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब बीमित व्यक्ति विशेषज्ञ डॉक्टर्स से ऑनलाइन अपायंटमेंट भी ले सकते हैं।

नियोक्ताओं द्वारा रखी गयी समस्या पर क्षेत्रीय निदेशक ने अवगत कराया कि रांची से बाहर के जिलों के बीमितों को ईलाज के लिए रांची पर निर्भर नहीं रहना पडे तथा उनका इलाज जिले में ही हो सके, इस हेतु निगम द्वारा प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स को इंपैनल किया जा रहा है। अगले एक-दो माह में सुधार देखने को मिलेंगे। पलामू, खूंटी, साहेबगंज, गोड्डा में डॉक्टर इंपैनल किये गये हैं। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उन्होंने आश्वस्त किया कि निगम द्वारा जल्द ही एक सूची चैंबर को सौंपी जायेगी, जिसमें इसका उल्लेख रहेगा कि कौन से विशेषज्ञ डॉक्टर किस जिले में किस दिन उपलब्ध रहेंगे।

बीमा निगम के अभिषेक कुमार ने कहा कि तुपुदाना और ओरमांझी के डिसपेंसरी में रोजाना औसतन एक मरीज आते हैं। जबकि इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां और प्रतिष्ठान हैं। इस क्षेत्र के मरीजों को अपने इलाज के लिए क्षेत्र में स्थित डिसपेंसरी में आना चाहिए। चर्चाओं के क्रम में निगम और चैंबर द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र में जागरूकता कैंप लगाने का निर्णय लिया गया।

कार्यशाला के दौरान रिबर्समेंट के विलंब में होनेवाली कठिनाई भी रखी गयी। यह बताया गया कि रिम्बर्समेंट की समस्या में सुधार के लिए मेडिकल बोर्ड की संख्या बढाई गई है। नियोक्ताओं के आग्रह पर अधिकारियों ने टाटा रोड में भी डीसपेंसरी की व्यवस्था पर विचार की बात कही।

उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने बीमा निगम की सेवाओं में सुधार के लिए अपने विचार साझा किये। कार्यशाला का धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव नवजोत अलंग ने किया।

बैठक में चैंबर के सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, मुकेश अग्रवाल, साहिज्य पवन, श्रम एवं ईएसआईसी उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत, सदस्य किशन अग्रवाल, राजीव चौधरी, शषांक भारद्वाज, राजीव सहाय, सुनिल टिबडेवाल, राजकुमार गुप्ता, सौरव बोस, बिनय जोशी, अभिषेक पाठक, निर्भय सिंह, निरंजन कुमार के अलावा इएसआइसी के सहायक निदेशक अभिषेक कुमार, डॉ राजेश प्रसाद, बरूण कुमार, मनोज मिश्र, समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का दो दिवसीय पौष मेला आज से




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले सालाना पौष मेला इस बार बिल्कुल सादगी भरा होगा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से कार्यक्रम में कई बदलाव किये गये हैं। दो दिवसीय पौष मेला 28 दिसंबर से शुरू हो रहा है। पौष मेला भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में आयोजित है। शुक्रवार को ट्रस्ट के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को बहुत बड़ी क्षति हुई है। देश मनमोहन सिंह के आर्थिक सुधार की दिशा में उनके किए गए प्रयासों को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि इसलिए इस मेले का उद्घाटन और समापन बिल्कुल सादगीपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल स्थानीय संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि शहर के लोगों को अपनी कला और परंपरा के करीब आने का अवसर भी प्रदान करेगा। यह मेला परंपरा, संस्कृति और आधुनिकता का अनूठा संगम होगा, जिसमें रांची वासियों को कला, खानपान और मनोरंजन का विशेष अनुभव मिलेगा। मेला परिसर में लगभग 20 से 25 स्टॉल का निर्माण किया जायेगा। इसमें आगंतुकों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

**मेले में आकर्षण के मुख्य केंद्र :** मेले में परिधानों के स्टॉल, हस्तशिल्प उत्पाद, सजावटी सामान और फूड स्टॉल विशेष आकर्षण होंगे। यहां हर आयु वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास होगा, जिससे यह मेला रांची वासियों के लिए यादगार बन जायेगा।

### मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

**पौष मेले में संगीत, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति इसे और भी खास बनायेगी। पारंपरिक और आधुनिक संगीत तथा नृत्य के साथ-साथ लोक कलाओं की झलक भी यहां देखने को मिलेगी। इस मौके पर सिद्धार्थ घोष, अमित दास, विश्वजीत भट्टाचार्य, गौतम साहा सहित अन्य मौजूद थे।**

# सरला बिरला स्कूल के छात्रों का सीबीएसइ आर्यभट्ट गणित चैलेंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने सीबीएसइ आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024-25 में अपनी अमिट छाप छोड़ी। इस चैलेंज का मुख्य उद्देश्य छात्रों की गणितीय अवधारणाओं का व्यावहारिक उपयोग करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है। कक्षा दसवीं के छात्र समृद्ध कुमार ने प्रथम 100 छात्रों में स्थान पाने में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने समृद्ध कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और अन्य छात्रों को भी इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।




## दिल्ली रवाना हुए कांग्रेसी नेता



**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करने दिल्ली रवाना हो गए हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि देश ने एक महान अर्थशास्त्री को खो दिया है।**

# एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल 2025 का शुभारंभ पद्मश्री अशोक भगत और मधु मंसूरी ने किया

### कार्निवल के आयोजन से बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी : अशोक भगत

### लोगों को अपनी पारंपरिक संस्कृति को जिंदा रखना चाहिए : मधु मंसूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड,मछली घर के द्वारा आयोजित किया जा रहे 7 दिन के नव वर्ष मेला कार्निवल 2025 का उद्घाटन शुक्रवार को पद्मश्री अशोक भगत ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पदमश्री मधु मंसूरी भी उपस्थित थे। कार्निवल 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक सुबह 11 से रात 9 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पद्मश्री अशोक भगत ने कार्निवल के आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए का कि आज भाग-दौड़ की जिंदगी और मोबाइल की जिंदगी में लोगों को कार्निवल एक सुकून देगा। पद्मश्री भगत ने कहा कि एक्वा वर्ल्ड के द्वारा ये एक बेहद ही सराहनीय आयोजन है। इसमें बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिता की भावना भी सार्थक तरीके से जागृत होगी। उन्होंने आशा की कि कार्निवल में अगले 7 दिनों तक मनोरंजन की तरह सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हो।



पद्मश्री मधु मंसूरी ने उपस्थित लोगों को अपने लोकगीत से झुमा दिया। अपने संबोधन में पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ अपने परंपरा को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कार्निवल के आयोजन को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि रांची का एक बड़ा वर्ग यहां आकर विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आनंद लेगा। इससे पूर्व स्वागत भाषण में एक वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाहदेव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एक्वा वर्ल्ड ने हमेशा रांची के मध्यम वर्ग को स्वस्थ मनोरंजन दिया है।

कार्निवल के जरिए अगले 7 दिनों तक रांची वासियों के मनोरंजन का पूरा इंतजाम रखा गया है। प्रतुल ने दोनों अतिथियों के सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुए का साधुवाद करते हुए कहा कि उनके उपस्थिति मात्र से ही उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विद्या झा ने किया।

पहले दिन भी प्रतियोगिताओं की धूम रही।सबसे पहले स्वच्छ भारत के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। मेरा जूता है जापानी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ शूज और सैंडल दिखाते हुए लोगों ने रैंप पर कैटवॉक किया। सेल्फी प्रतियोगिता में सांता क्लाज के बूथ पर लोगों ने सेल्फी ली। 100 से ज्यादा बच्चों ने चिप्स ईटिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया। देर शाम को द फॉलो अप शो में बच्चों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता करायी गयी। शाम का मुख्य आकर्षण जादूगर प्रकाश भारती का ग्रांड मैजिक शो था, जिसमें जादूगर भारती के करतबों को देख कर उपस्थित लोग चकित हो गये। आज के बेस्ट आउटफिट प्रतियोगिता का टीम रेड था। बड़ी संख्या में लोग रेड आउटफिट पहन कर आये थे।

इस अवसर पर कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### शुक्रवार का परिणाम

- पेंटिंग प्रतियोगिता - (10 वर्ष तक) - आणविक सहाय, देव प्रिया सिंह, आयत (10 वर्ष से ऊपर) सृष्टि, भूमिका, अमन
- दंगल टाइम - ऋतिक पांडे
- मेरा जूता है जापानी (बेस्ट शूज, सैंडल प्रतियोगिता) - आदया, दीक्षित, अद्धेय, अर्चना, सुनीता, अनुराग
- सेल्फी टाइम - आकांक्षी
- चिप्स ईटिंग कंपटीशन - सार्थक
- द फॉलो अप शो- साक्षी

### आज का कार्यक्रम

- 11:30 बजे - ट्रेजर हंट
- 12:00 बज - दंगल टाइम
- 1:30 बजे - केला खाओ अकेला
- 3:00 बजे - सेल्फी टाइम
- 3:30 बजे - बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन
- 4:00 बजे - द फॉलो अप शो
- 5:00 बजे - डांसिंग स्टार कौन? सोलो एवं डुएट डांस (जज - विपुल नायक)
- 7:00 बजे बेस्ट आउटफिट कंपटीशन (थीम ब्लैक कलर )
- 8:00 बजे लकी ड्रॉ

कार्निवल के शुरुआत में अतिथियों और उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गुलमोहर अस्पताल में स्वास्थ्य मेला आयोजित

### 1085 मरीजों का किया गया निःशुल्क इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्व. श्रीराम नरेश सिंह की पुण्यतिथि पर गुलमोहर अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला 2024 का आयोजन किया गया। इसमें 1085 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसमें 410 मरीजों का बीएमडी टेस्ट, 212 मरीजों का ब्लड शूगरटेस्ट, 78 मरीजों का हीमोग्लोबीन टेस्ट, 186 मरीजों का यूरिक एसिड टेस्ट, 82 मरीजों का एक्सरे और 142 मरीजों की फिजियोथेरेपी निःशुल्क की गयी। इस मेले में आठ मरीजों को बैसाखी, 12 मरीजों को वॉकर, 16 मरीजों को बेल्ट और छह मरीजों को कृतिम अंग प्रदान किया गया है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गयी। साथ ही स्वास्थ्य मेला में चयनित 68 मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जायेगा।





स्वास्थ्य मेला में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रचना ए. कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएमके सिन्हा, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह रखिया (मुंबई, नागपुर), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सोनल सिंह रखिया (मुंबई, नागपुर), कंधा रोग विशेषज्ञ डॉ नितीन मोदी (लंदन), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अदिति मोदी, फिजिशियन डॉ सोनू कुमार और डॉ कपिलदेव बानरा ने मरीजों का इलाज किया। इस स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने में डॉ राजीव रंजन, मनोज कुमार, मुनचुन सिंह, सुधीर कुमार, पूनम सरकार, दीपक कुमार सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभागी।

# भारतीय ज्ञान प्रणाली सिर्फ अतीत का अवशेष नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा है : डॉ तपन शांडिल्य

### इंडियन इकोनॉमिक एसोसियेशन का 107 वां अधिवेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय इंडियन इकोनॉमिक एसोसियेशन का 107 वा वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय स्तर पर लब्ध प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और शिक्षाविद् शामिल हो रहे हैं। इस तीन दिवसीय अधिवेशन के प्रारंभ में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री और इंडियन इकोनॉमिक एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष रहे डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर उपस्थित शिक्षाविदों और अर्थशास्त्रियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि प्रकट की। इसके उपरांत इस तीन दिवसीय अधिवेशन की शुरूआत हुई। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने आज इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, जो कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है , में बतौर अध्यक्ष शामिल हुए। उन्होंने पहले दिन इस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए सस्टेनेबल, डेवलप्ड एंड आत्मनिर्भर भारत, विषय पर अपना अध्यक्षीय संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ज्ञान की भूमि रहा है, सभ्यता का उदगम स्थल रहा है जिसने दुनिया की कुछ सबसे गहन और स्थाई ज्ञान परंपराओं को पोषित किया है। आम भाषा में कहा जाए तो भारतीय ज्ञान प्रणाली ज्ञान हस्तांतरण की एक विधि है और एक संगठित प्रणाली है जो ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाती है। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि चूंकि यह एक आर्थिक सम्मेलन है तो इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में लंबे समय से अर्थ की अवधारणा भारतीय दर्शन के लोकाचार में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि चाणक्य ने कहा है कि, सुख का मूल धर्म है, और धर्म का मूल अर्थ है। यह कथन इस बात को रेखांकित करता है कि भौतिक समृद्धि ही वह आधार है जिस पर नैतिक और आध्यात्मिक उद्देश्य टिके रहते है। आज प्रथम दिन में कई तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें देश के महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री और शिक्षाविद् जैसे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोमनाथ सचदेव, देवेंद्र अवस्थी, अशोक कुमार चौधरी, अटल बिहारी बाजपेई, बिलासपुर के कुलपति प्रो डॉ एडीएन बाजपेई, विजय कुमार पटनायक, पूर्व मुख्य सचिव, ओड़ीसा, अशोक मित्तल, पूर्व कुलपति, बी आर आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और टी एन साहू, कुलपति, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी शामिल हुए। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।




# अर्पिता महिला मंडल की ठंड में जरूरतमंदों के लिए मानवताभरी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्षा प्रीति सिंह और सदस्यों के मार्गदर्शन में ठंड के मौसम में कांट्रैक्ट कर्मियों की सहायता के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्य के तहत, जवाहर नगर कॉलोनी में 32 कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गयी। प्रत्येक कर्मी को 2 कंबल, एक जोड़ी मोजे, भोजन का पैकेट और चूड़ा प्रदान किया गया। इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह और अन्य सम्मानित सदस्यों - शशि दुहान, निशा शुक्ला, रश्मि, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, सरिता सक्सेना, कविता झा, सोनल, संगीता, पूनम झा, और आरती चंदेल - की उपस्थिति रही। महिला मंडल की इस पहल ने समुदाय के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना को दशार्या है। यह प्रयास न केवल जरूरतमंद कर्मियों के लिए राहत लेकर आया बल्कि समाज में सहयोग और सद्भाव का संदेश भी दिया। अर्पिता महिला मंडल भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कल्याण के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाये रखेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली में डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा : मरांग बुरु दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों समेत देश को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।

### कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उठाया मुद्दा

# झारखंड में जातीय जनगणना की मांग तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जातीय जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है। सत्तारूढ़ जेएमएम के सहयोगी दल कांग्रेस और राजद प्रमुखता से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कर्नाटक के बेलगांव में गुरुवार को आयोजित कांग्रेस की विस्तारित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जातीय जनगणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।




### हेमंत सरकार को इस मामले में जल्द से जल्द करना चाहिए पहल

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बैठक में कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना का मामला अभी लंबित है। उन्होंने बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि राज्य में जातीय जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने हेमंत सरकार से जल्द से जल्द इस पर पहल करने का आग्रह किया।

### जातीय जनगणना कराने से सरकार को मिलेगी मदद

हेमंत मंत्रिमंडल में राजद के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने भी जमशेदपुर में यादव समाज की वार्षिक आमसभा में कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना करायी जायेगी। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि राज्य में किस समुदायों की कितनी आबादी है। इससे सरकार को जाति प्रमाणपत्र और नौकरी दिलाने में मदद मिलेगी।

### कांग्रेस और राजद प्रमुखता से उठा रही जातीय जनगणना का मुद्दा

कांग्रेस इस मामले में एक मजबूत समर्थक रही है। राहुल गांधी लगातार पिछड़े वर्गों और वंचित तबकों के लिए आवाज उठाते रहे हैं। वहीं राजद भी इस मुद्दे को लेकर सक्रिय है। पार्टी ने बिहार में होने वाले विधानसभा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मंचों के जरिये जातीय जनगणना का मुद्दा उठा रही है। राजद ने अपने चुनाव घोषणापत्र में जातीय जनगणना का वादा किया था। दोनों पार्टियों का समर्थन यह दर्शाता है कि इस मुद्दे को राजनीतिक स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है।

# झारखंड हाइकोर्ट ने रेप और हत्या केस में दोषसिद्धि को खारिज किया

## चतरा सिविल कोर्ट का आदेश रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रेप और हत्या मामले में एकमात्र गवाह के बयानों में विरोधाभास को देखते हुए निचली अदालत द्वारा दी गयी सजा को रद्द करते हुए मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे को बरी कर दिया।

हाइकोर्ट रेप और हत्या के एक कथित मामले में दोषसिद्धि के एक ही निर्णय से उत्पन्न दो आपराधिक अपीलों पर सुनवाई कर रहा था, जहां सूचक पीड़ित महिला की पुत्री थी। उसने अपने प्रारंभिक बयान और विरोध याचिका में जिन व्यक्तियों का नाम लिया था, उनके बीच विसंगति थी।

अपने फैसले में हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच ने कहा कि ऐसे मामले में जहां अकेले गवाह की गवाही विश्वास पैदा करती है और यह पूरी तरह से विश्वसनीय है, यह दोषसिद्धि और सजा का फैसला सुनाने का आधार हो सकता है। लेकिन इस मामले के तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि विरोधाभासी बयानों के आधार पर किसी अन्य पुष्टि के बिना भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए दोषसिद्धि और सजा का फैसला रद्द किया जाता है।

दरअसल चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना में मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे के खिलाफ एक महिला के दुष्कर्म और उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 9/2000 दर्ज किया गया था। करीब दो वर्षों तक चले ट्रायल के बाद चतरा सिविल कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया था।

सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दोनों ने हाइकोर्ट का रुख करते हुए अपील दाखिल की थी। अपीलकताओं की ओर से अधिवक्ता अभय कुमार चतुवेर्दी और राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक पंकज कुमार ने पक्ष रखा।

## मोबाइल सहित अन्य समानों के चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पुलिस ने मोबाइल सहित अन्य समानों के चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी माह में खलारी थाना क्षेत्र के नया बस्ती निवासी अकबर हुसैन का गृहभेदन कर अज्ञात अपराधियों ने चार मोबाईल फोन, नगद आठ हजार रुपए सहित घर के एक फाईल में रखे तरन्नुम परवीन का आधारकार्ड, बैंक पासबुक व मैट्रिक से लेकर स्नातक के सभी सर्टिफिकेट, अंकपत्र, एडमिड कार्ड आदि समान की चोरी कर ली थी। अकबर हुसैन ने अज्ञात चोरो के विरूद्ध थाना में मामला दर्ज कराया था। इसी आलोक में अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने गुरूवार की शाम इस घटना में संलिप्त मुख्य अभियुक्त 21 वर्षीय पवन कुमार राम उर्फ श्याम कुमार को छापामारी कर नया बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पवन के स्वीकारोक्ति ब्यान व निशानदेही पर उसके घर की तालाशी लेने पर पुलिस ने चोरी गये मोटरोला कम्पनी का स्मार्ट मोबाईल फोन बरामद कर लिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह के अलावे सअनि सहदेव महतो, हवलदार श्याम बिहारी राम, मुनेश्वर उरांव और जोबा बानरा शामिल थे।

### सीसीएल एनके क्षेत्र के केडीएच कांटाघर से स्क्रैप चोरी का उद्भेदन

# रिमोट डिवाइस का उपयोग कर स्क्रैप के ज्यादा वजन को कम कर के ले जाया जा रहा था बाहर

आजाद सिपाही संवादताता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच कांटाघर में शुक्रवार की सुबह सीआइएसएफ के द्वारा स्क्रैप लदा ओवर लोड ट्रक नंबर जेएच 01 एफक्यू 4255 को पकड़ा और गलत तरिके से किया जा रहे वजन का उद्भेदन किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में राज मधु इंटरप्राइजेज नामक कंपनी स्क्रैप का उठाव कर रही है। जिस ट्रक को सीआइएसएफ द्वारा ओवरलोड के साथ पकड़ा गया वो ट्रक भी राज मधु कंपनी का ही था। वजन कराने के क्रम सीआइएसएफ जवानों को ट्रक के ओवर लोड और तय मानक वजन से ज्यादा स्क्रैप होने के शंका पर ट्रक को कांटा पर ही रोक दिया गया। ट्रक का पुनः वजन कराया गया, तो स्क्रैप का काफी अधिक वजन आया। इसके बाद ट्रक को साइड कर खड़ा कर दिया गया। वहीं छानबीन के क्रम में मौके से सीआइएसएफ ने एक रिमोट नुमा डिवाइस भी जब्त किया है।




कांटाघर में खड़ा ओवर लोड वजनी स्क्रैप लदा ट्रक (ऊपर) कांटाघर में पहुंचा सीआइएसएफ बल और जब्त रिमोट डिवाइस। (इनसेट में)

जानकारी के अनुसार इस डिवाइस के प्रयोग करने से कांटा घर पर वजन होने वाली गाड़ियों का वजन डिस्प्ले बोर्ड पर कम तय मानक वजन के अनुरूप दिखाया जा रहा था। वहीं सीआइएसएफ को कुल चार रिमोट डिवाइस बरामद हुए।

वहीं सीआइएसएफ ने एनके क्षेत्र के रोहिणी, पुरनाडीह, केडीएच के अन्य कांटाघर में जाकर इस डिवाइस को चेक किया तो पाया कि उक्त सभी कांटाघरों में भी यह डिवाइस वजन कराने के क्रम में ज्यादा लोड को कम दिखाने में उपयोग किया जा रहा था। घटना के बाद सीआइएसएफ के आला अधिकारियों द्वारा मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। सीआइएसएफ ने अंदेशा जताया है कि यह मामला मामूली नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा स्कैम है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं सीआइएसएफ एवं सीसीएल सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जब्त ट्रक को खलारी पुलिस के सुपूर्द कर दिया गया है। इधर इस बड़ी चोरी के उद्भेदन होने की खबर से सीसीएल अधिकारियों की भी नींद उड़ा दी है। वहीं अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस तरह से स्क्रैप चोरी का खेल काफी लंबे समय से किया जा रहा है। इससे सीसीएल को करोड़ों रुपयों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं जिसमें कई लोगों की संलिप्ता होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। समाचार लिखे जाने तक सीआइएसएफ के द्वारा उक्त मामले को लेकर खलारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराये जाने की प्रक्रिया की जा रही थी।

# एबीवीपी की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनीं मौसमी पॉल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया शुक्रवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर प्रो (डॉ) मौसमी पॉल और प्रदेश मंत्री के पद पर मनोज सोरेन निर्वाचित हुए। एबीवीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के निर्वाचन प्रक्रिया के चुनाव अधिकारी प्रो पुष्कर बाला ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी धनबाद में 3, 4 और 5 जनवरी को आयोजित होने वाले 25वें प्रदेश अधिवेशन में कार्यभार संभालेंगे।

**कौन हैं डॉ मौसमी पॉल :** प्रदेश मंत्री शुभम पुरोहित ने कहा कि जमशेदपुर महानगर की निवासी डॉ मौसमी पॉल वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि अब तक तक इनके 20 से अधिक शोध पत्र विभिन्न पत्रिकाओं एवं सेमिनारों में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। महिला सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रमों में उन्होंने सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ कोल्हान विभाग में संगठन कार्य को सुदृढ़ करने में उनकी महती भूमिका रही है। वर्ष 2015 से वह के एबीवीपी के संपर्क में हैं। अभी तक वह शिक्षक कार्यकर्ता के रूप में चाईबासा नगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। वर्तमान में वह एबीवीपी झारखंड की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। आगामी सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व पर निर्वाचित हुईं हैं।

# झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर, दो दिन हल्की बूंदाबांदी और घने कोहरे का अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल्हान समेत पूरे झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है, जहां अगले दो दिनों तक मौसम में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके पश्चात अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी के साथ धनबाद का न्यूनतम तापमान सबसे कम 10.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। झारखंड के मौसम में हो रहे बदलाव को लेकर रांची केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में 26 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है, जो 29 दिसंबर तक रहेगा। इस दौरान राज्य में घना कोहरा के साथ बादल छाए रहेंगे। वही बूंदाबांदी की भी संभावना है। 30 के बाद मौसम साफ होगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को झारखंड के पश्चिमी इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं दोपहर तक बदल गहरायेगा, जिसके बाद संथाल परगना में भी बारिश की संभावना है। इसी के साथ 29 दिसंबर को रांची कोल्हान गुमला सिमडेगा में फर्स्ट हाफ में बारिश की संभावना है। इस दौरान सुबह घना कोहरा छाये रहेंगे। 28 से 29 दिसंबर तक राज्य के गढ़वा पलामू चतरा लातेहार लोहरदगा गुमला में घना कोहरा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वही 30 से मौसम साफ होगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी।



# गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय 15 जनवरी तक करें आवेदन, सफल विद्यालयों को मिलेगी मान्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार, शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के कार्यालय में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची सह नोडल पदाधिकारी बादल राज के द्वारा जिले में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रभाग प्रभारी उपस्थित थे।



बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा रांची जिला में कुल 766 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं। उस पर विचार किया गया और प्रभाग प्रभारी को निर्देश दिया गया कि अगले दो दिनों के अंदर गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता से संबंधित ऑनलाइन आवेदन सरकार के वेबसाइट www.rte.jharkhand.gov.in पर वैसे सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, जहां किसी भी स्तर पर वर्ग 1 से 8 की पढ़ाई होती है, को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान के अनुरूप अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त किया जाना है।

बता दें कि 15 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना है। प्राप्त आवेदन को ऑनलाइन स्क्रूटनी जिला स्तर पर 20 जनवरी तक किया जायेगा। जिला स्तर पर ऑनलाइन स्क्रूटनी में सफल विद्यालय का 20 फरवरी 2025 तक फील्ड वेरिफिकेशन किया जायेगा।

20 फरवरी तक जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक आयोजित कर फील्ड वेरिफिकेशन में सफल विद्यालय को मान्यता प्रदान की जायेगी। असफल विद्यालय को उन्हें कारण सहित सूचित किया जायेगा।

## शपथ-पत्र

शपथ पत्र सं. 72 दिनांक : 14/12/2024 के अनुसार मैं आंचल कुमारी (ANCHAL KUMARI) पिता- प्रकाश कुमार दत्ता, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवास ग्राम+पोस्ट- साड़म बाजार, थाना- गोमिया, जिला- बोकारो, (झारखण्ड), यह शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि:-

1. यह कि, मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2. यह कि, मेरा आधार संख्या- 3390 1549 4358 एवं पेन कार्ड संख्या- LWMPK4854M है जिसमें मेरा नाम आंचल कुमारी (ANCHAL KUMARI) दर्ज है।
3. यह कि, मेरे द्वारा बैंक ऑफ इंडिया साड़म बाजार शाखा में एक खाता खोला गया है जिसका खाता संख्या- 483610510003601 है जिसमें मेरा नाम आंचल कुमारी दत्ता (ANCHAL KUMARI DUTTA) दर्ज है।
4. यह कि, आंचल कुमारी (ANCHAL KUMARI) एवं आंचल कुमारी दत्ता (ANCHAL KUMARI DUTTA) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वयं हुँ।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त बैंक खाते में आंचल कुमारी दत्ता (ANCHAL KUMARI DUTTA) के स्थान पर आंचल कुमारी (ANCHAL KUMARI) दर्ज करवाने हेतु बना रही हूं।
5. यह कि, उपरोक्त बातें मेरे कहने पर लिखी गयी है जो सही एवं सत्य है गलत पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत मुझपर कानूनी कार्रवाई किया जा सकती है।

## सही निकला डर

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जिस तरह के कदम उठा रही है, उससे दोनों देशों के रिश्तों में बेहतरी आने के बजाय खटास और बढ़ने के आसार दिख रहे हैं। खास कर, जिस तरह से बांग्लादेश की पाकिस्तान से करीबी बढ़ रही है, वह भारत के लिए सिरदर्द साबित हो सकता है। पड़ोसी मुल्क में हालिया सत्ता परिवर्तन सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं था। इसलिए उसके बाद थोड़ी अफरातफरी स्वाभाविक थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही जिस तरह से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ, वह अंतरिम सरकार गठित होने के बाद भी जारी रहा। यह इस बात का संकेत था कि बांग्लादेश का नया नेतृत्व या तो इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव में है या उन पर अंकुश लगाने में असमर्थ है। लंबी सरहद वाले इस पड़ोसी मुल्क में इस तरह का घटनाक्रम सीधे तौर पर भारत को प्रभावित करता है। लिहाजा, भारत ने ठीक ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से बार-बार कहा कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मगर वहां की सरकार ठोस कदम उठाने के बजाय हिंसा की इन घटनाओं को झुठलाने में लगी रही। इसके साथ ही उसने ऐसा रुख अपनाना शुरू किया, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है। इसी रुख का ताजा उदाहरण है बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग। दोनों देशों के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि में राजनीतिक प्रत्यर्पण की बात नहीं है, फिर भी इस संधि के हवाले से उस पर जोर दिया जा रहा है। भारत ने इस पर खामोशी बनाये रखी है, लेकिन यह सवाल तो है ही कि क्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जाने-अनजाने इस मांग के जरिए उसे असुविधाजनक स्थिति में डालने की इच्छा रखने वालों का एजेंडा आगे बढ़ा रही है। यह सब जैसे काफी न था, बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के साथ आश्चर्यजनक तेजी से संबंध सुधारने शुरू कर दिये। हालांकि कोई भी देश किसी भी अन्य देश से रिश्ते सुधारता है, तो इसमें आपत्तिजनक कुछ भी नहीं है, लेकिन जिस तरह से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ हुई मुलाकात में बांग्लादेशी सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस ने 1971 के मसले सुलटाने की बात कही, बांग्लादेशी सेना को पाक सेना के जरिए ट्रेनिंग दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी और बगैर जांच पड़ताल के पाकिस्तानी जहाज एवं पाक नागरिकों को प्रवेश दिया जाने लगा है, वह सामान्य बात नहीं है। पहले ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने बांग्लादेश के जरिये भारत में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ाने की कोशिश की थी। वह फिर से ऐसी कोशिशें कर सकती है। ऐसे में भारत को बांग्लादेश सीमा को लेकर सतर्कता बढ़ानी होगी।

**पहले ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने बांग्लादेश के जरिये भारत में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ाने की कोशिश की थी। वह फिर से ऐसी कोशिशें कर सकती है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**रिसर्च में बताया गया है कि भारत की 81.9 प्रतिशत आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अपने देश के नैशनल एंबियट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (एनएएक्यूएस) पर भी खरा नहीं उतरता। साल 2009 में लाए गए एनएएक्यूएस को भी अपडेट करने की जरूरत बताई जाती रही है। एनएएक्यूएस के मुताबिक भारत में सुरक्षित वायु गुणवत्ता का मानक पीएम 2.5, 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, जबकि डब्ल्यूएचओ 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की सिफारिश करता है।**

# प्रदूषित हवा में सांस ले रहा भारत

**राज कुमार सिंह**



पिछले दिनों एक अध्ययन से पता चला कि वायु प्रदूषण से साल में सबसे ज्यादा 12,000 मौतें दिल्ली में होती हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर, 2024 की रिपोर्ट बताती है कि साल 2021 में तंबाकू सेवन से दुनिया भर में 75-76 लाख मौतें हुईं, जबकि वायु प्रदूषण से 81 लाख। तंबाकू सेवन के खतरों के प्रति आगाह करने के लिए सरकारें तमाम तरह के उपाय करती हैं, पर जहरीली हवा पर मौन रहती हैं।

दिल्ली - एनसीआर फिर सांसों के संकट से रू-ब-रू है। दिसंबर में ही दूसरी बार बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के तात्कालिक उपायों के तौर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 लागू करना पड़ा है, क्योंकि 301 पार करते ही खतरनाक की श्रेणी में पहुंच जाने वाला वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) फिर से 450 के पार चला गया।

कॉमर्शियल वाहन छोड़िए बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल निजी कार तक पर प्रतिबंध है-भले ही आपके पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र हो और आपकी कार फिटनेस अवधि में भी हो। टैक्सी और दोपहिया वाहनों पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। क्या यह अतार्किक नहीं है? कक्षाएं ऑनलाइन हैं, तो वर्क फ्रॉम होम का फरमान जारी है। हर काम घर से नहीं हो सकता। जो हो सकते हैं, उनकी भी अनुमति ऑफिस की मर्जी पर निर्भर है। यह समस्या पहली बार भी नहीं। हर साल कम-से-कम 2-3 बार ऐसी नौबत आती है, जब आपातकालीन कदम उठाये जाते हैं। आखिर सरकारें आग भड़कने पर ही कुआं खोदने की मानसिकता से उबर कर आग लगने से रोकने के लिए ही जरूरी एहतियाती कदम क्यों नहीं उठातीं? क्या यह शर्मनाक नहीं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की राजधानी दिल्ली के निवासियों को पिछले साल सिर्फ 2 दिन ही सांस लेने लायक साफ हवा मिली?

**एक अन्य अध्ययन बताता है कि देश में हर रोज 6500 लोग प्रदूषण के चलते होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं।**

दिल्ली और एनसीआर निवासी भी लगभग पूरे साल प्रदूषित हवा में सांस लेने और तमाम तरह की बीमारियों से ग्रस्त होने को सालों से अभिशप्त हैं। क्या यह नीति नियंताओं की प्राथमिकताओं पर ही सवालिया निशान नहीं?

दिल्ली-एनसीआर के जानलेवा वायु प्रदूषण की चर्चा तो हर साल सर्दियों में हालात बेकाबू हो जाने पर देश-दुनिया में होती है, पर सच यह है कि भारत प्रदूषित राष्ट्र बन चुका है।

रिसर्च में बताया गया है कि भारत की 81.9 प्रतिशत आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अपने देश के नैशनल एंबियट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (एनएएक्यूएस) पर भी खरा नहीं उतरता। साल 2009 में लाए गए एनएएक्यूएस को भी अपडेट करने की जरूरत बताई जाती रही है। एनएएक्यूएस के मुताबिक भारत में सुरक्षित वायु गुणवत्ता का मानक पीएम 2.5, 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, जबकि डब्ल्यूएचओ 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की सिफारिश करता है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के संदर्भ में डॉक्टर्स और वैज्ञानिक चेताते हैं कि पीएम 2.5 न सिर्फ सांस संबंधी समस्याएं बढ़ाता है, बल्कि ब्लड प्रेशर तथा स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ाता है। एक अध्ययन में यह भी बताया गया कि पीएम 2.5 के उच्च स्तर के चलते भारत में हर साल 15 लाख मौतें हो रही हैं, जो देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 25 प्रतिशत है। एक अन्य अध्ययन बताता है कि देश में हर रोज 6500 लोग प्रदूषण के चलते होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं। अब स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ एंड्रयूज ने अपने शोध में दावा किया है कि वायु प्रदूषण फेफड़ों और दूसरे अंगों के साथ ही हमारी मानसिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से मानसिक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। दो लाख लोगों पर किये गये शोध में पता चला कि नाइट्रोजन डाइऑक्साइड मानसिक विकारों के लिए जिम्मेदार है।

दिल्ली सरकार द्वारा अप्रैल में एनजीटी को सौंपी गयी रिपोर्ट में भी दावा किया गया था कि वायु प्रदूषण से लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। छात्रों में पढ़ाई संबंधी परेशानियां और उदासी बढ़ रही है तथा जीवन की चुनौतियों से जूझने की क्षमता कम हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के मामलों की सुनवाई करते हुए स्वच्छ हवा में सांस लेना मौलिक अधिकार बताया था, पर ये आंकड़े तो बताते हैं कि देश में कहीं भी हवा सांस लेने लायक नहीं है। फिर इन हालात के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कौन करेगा और कब? दिल्ली विधानसभा चुनाव की दहलीज पर है। देश और दिल्ली में अलग राजनीतिक दलों की सरकारें हैं, जो हर समस्या के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करते नहीं थकतीं। फिर भी जानलेवा वायु प्रदूषण चुनावी मुद्दा नहीं बनता, क्योंकि सभी तो शरीक-ए-जुर्म हैं।

पिछले दिनों एक अध्ययन से पता चला कि वायु प्रदूषण से साल में सबसे ज्यादा 12,000 मौतें दिल्ली में होती हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर, 2024 की रिपोर्ट बताती है कि साल 2021 में तंबाकू सेवन से दुनिया भर में 75-76 लाख मौतें हुईं, जबकि वायु प्रदूषण से 81 लाख। तंबाकू सेवन के खतरों के प्रति आगाह करने के लिए सरकारें तमाम तरह के उपाय करती हैं, पर जहरीली हवा पर मौन रहती हैं। क्या इसलिए कि उसके लिए सबसे ज्यादा वे ही जिम्मेदार हैं?

## देश-विदेश की खबरें

# युवक ने चाकू से गला रेतकर पत्नी-बेटे को मारा

**माता-पिता पर भी जानलेवा हमले के बाद आत्महत्या की कोशिश की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुजरात।** सूरत के सरथाणा इलाके में एक युवक ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। युवक ने अपनी पत्नी और बच्चे की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी और इसके बाद अपने माता-पिता पर भी चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद उसने खुद भी गला काटकर सुसाइड की कोशिश की। फिलहाल, माता-पिता और हमलावर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**पारिवारिक विवाद के चलते सुखी के घर में कलह मची थी**

सरथाणा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्मीमेर अस्पताल पहुंचाया। परिवार में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते घर में कलह मची हुई थी। इसी के चलते यह दुखद घटना हो गयी। परिवार मूल रूप से अमरेली के सावरकुंडला का रहने वाला है।

**खून से लथपथ हालत में मां घर से बाहर निकली सोसायटी के लोगों से**

मिली जानकारी के मुताबिक, मकान नंबर 804 में रहने वाले स्मित जवानी ने पत्नी हिरलबेन और बेटे चाहत की गला काटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह पिता लभुभाई और मां विलासबेन पर टूट पड़ा। मां खून से लथपथ हालत में घर से बाहर निकलीं और उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। कुछ ही देर में सीसीटीवी में पिता भी घर के बाहर लहूलुहान हालत में बाहर निकलते नजर आये।

**चाचा की मौत के बाद घर का माहौल बिगड़ा**

एसीपी विपुल पटेल ने बताया कि जांच में पता चला कि हमलावर के चाचा की कुछ दिन पहले आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी। जिसके कारण स्मित भी उनके घर गया था। जबकि, दोनों ही परिवारों के बीच मनमुटाव था। इसके चलते चाचा के परिवार वालों ने स्मित से कह दिया था कि आप हमारे घर मत आया करो। इसी बात से स्मित आहत था और इसी बात को लेकर उसका घर में विवाद हो रहा था।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड मक्की की पाकिस्तान में मौत

**लाल किले पर हमले में भी शामिल था, 2023 में ग्लोबल आतंकी घोषित हुआ**

**एजेंसी**



**लाहौर।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी अब्दुल रहमान मक्की की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी है। मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था। हाईशुगर की वजह से लाहौर के एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। अब्दुल मक्की आतंकी हाफिज सईद का रिश्तेदार और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का डिप्टी चीफ भी था। उसे 2020 में आतंकी फंडिग के लिए एक अदालत ने 6 महीने की सजा भी सुनाई थी। सजा के बाद उसने खुद को लो प्रोफाइल कर लिया था। 2023 में संयुक्त राष्ट्र ने उसे ग्लोबल आतंकी घोषित किया था।

अब्दुल रहमान मक्की को हाफिज अब्दुल रहमान मक्की के नाम से भी जाता है। उसका जन्म 1954 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में हुआ था। मक्की लंबे समय से हाफिज सईद का करीबी रहा है। उसने लश्कर और जमात-उद-दावा में कई अहम पदों को संभाला है। मक्की पॉलिटिकल चीफ और लश्कर के लिए फंड जुटाने जैसे काम भी संभालता था। वो लश्कर की गवर्निंग बॉडी शूरा का मेंबर भी था। मक्की को 2000 में लाल किले और 2008 में मुंबई के ताज होटल पर आतंकी हमले के लिए भारतीय एजेंसियों ने उसे आरोपी माना था। अमेरिकी वित्त विभाग ने 2010 में उसे स्पेशल डेजिग्नेटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल किया था।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को अमेरिकी विदेशमंत्री ब्लिंकन ने दी श्रद्धांजलि

**एनवाइटी ने कहा- मृदुभाषी और बुद्धिजीवी का निधन**

**बीबीसी ने आर्थिक सुधारों का प्रणेता बताया**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने पूर्व पीएम के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भारत-अमेरिका संबंधों का महान समर्थक बताया। ब्लिंकन ने मनमोहन सिंह के कार्यों को पिछले 2 दशक में भारत और अमेरिका की द्विपक्षीय उपलब्धियों की नींव बताया। ब्लिंकन ने कहा कि पूर्व पीएम के नेतृत्व में हुए अमेरिका-भारत सिविल न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट ने दोनों देशों के संबंधों की संभावनाओं में बड़ा निवेश किया। मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में गुरुवार देर रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया।

ब्लिंकन के अलावा कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने भी मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह असाधारण बुद्धिमत्ता, इमानदारी और विवेक के धनी व्यक्ति थे। हार्पर ने कहा, 'उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से गहरा दुख पहुंचा है।'

**पूर्व पीएम के निधन पर वर्ल्ड मीडिया का रिएक्शन**

मनमोहन सिंह के निधन पर वर्ल्ड मीडिया में भी कई आर्टिकल पब्लिश हुए हैं। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने उन्हें मृदुभाषी और बुद्धिजीवी बताया है। वहीं वॉशिंगटन पोस्ट ने भी पूर्व पीएम के निधन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने अपनी पोस्ट में उन्हें बड़े बदलाव करने वाला नेता बताया है। अखबार उनके दोनों कार्यकाल पर टिप्पणी भी की।

बीबीसी ने पूर्व पीएम को आर्थिक सुधार का प्रणेता बताया। इसके अलावा अंग्रेजी अखबार द गार्जियन ने अपने आर्टिकल में मनमोहन सिंह को अनिच्छुक प्रधानमंत्री कहा।

# इजराइली बमबारी में डब्ल्यूएचओ चीफ ट्रेडोस बचे

**एजेंसी**



**सना/ तेल अवी।** यमन की राजधानी सना में एयरपोर्ट पर गुरुवार को हुए इजराइली हमले में डब्ल्यूएचओ चीफ ट्रेड्रोस एडेहोनम बाल-बाल बचे। टेड्रोस थोड़ी देर बाद एयरपोर्ट से रवाना होने वाले थे, तभी इजराइल की तरफ से ये हमला हुआ। हमले में विमान का एक क्रू घायल हुआ है। इसके अलावा अन्य दो लोगों की मौत हो गयी है।

ट्रेड्रोस ने एक्स पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि जब हम प्लेन में सवार होने वाले थे, उसके 2 घंटे पहले एयरपोर्ट पर बमबारी हुई। हमले में रनवे को नुकसान पहुंचा है। ट्रेडोस और उनके साथियों को रनवे की मरम्मत होने तक इंतजार करना होगा।

उन्होंने हमले में मारे लोगों के प्रति दुख भी जताया। ट्रेडोस और उनकी टीम संयुक्त राष्ट्र की टीम के स्टाफ की रिहाई को लेकर बातचीत करने यमन पहुंची थी। इजराइल ने 25 विमानों से एयरस्ट्राइक की

इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए गुरुवार एयरस्ट्राइक की थी। आईडीएफ ने दावा किया कि उसने इस एयरस्ट्राइक में हूतियों के सैन्य ठिकानों को टारगेट किया है।

इसमें सना इंटरनेशल एयरपोर्ट, हेजयाज और रस कानेतीब के पावर स्टेशन और अल हुदैदा, सलीफ और रस कानेतीब बंदरगाह शामिल हैं। एयरस्ट्राइक के लिए 25 विमानों का इस्तेमाल किया था। इनमें फाइटर जेट के अलावा, रिफ्यूलिंग प्लेन और जासूसी विमान भी शामिल थे। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हुई है।

दूसरी तरफ हूती विद्रोही भी लगातार इजराइल को निशाना बना रहे हैं। 16 दिसंबर से अब तक हूतियों ने इजराइल पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें और 5 ड्रोन हमले किए हैं। आईडीएफ के मुताबिक पिछले एक साल हूतियों ने इजराइल पर 200 से ज्यादा मिसाइलें और 170 ड्रोन दागे हैं।

# संसद के सामने आत्मदाह करने वाले युवक की मौत

**बागपत (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में संसद भवन के सामने आत्मदाह करने वाले युवक की शुक्रवार को अस्पताल में मौत हो गयी। व्यक्ति की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है और वह यूपी के बागपत से ताल्लुक रखता है। संसद भवन के सामने जितेंद्र ने मिट्टी का तेल डालकर खुद को आग लगा ली थी, जिससे वह 95% जल गया था। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। जितेंद्र ने कथित रूप से पुलिस और प्रशासन पर न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया।

# लखनऊ में बैंक लॉकर काटने वाला आखिरी लुटेरा गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनउ।** इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में 42 लॉकर काटकर करोड़ों के आभूषण व नकदी चोरी करने वाले गिरोह का सातवां और आखिरी फरार आरोपी मिथुन भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पकड़ा गया बदमाश बिहार का रहने वाला है। इसके पास से नगदी-जेवर और मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। पुलिस ने इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। चिनहट थाना प्रभारी ने बताया कि बैंक लॉकर कांड में शामिल 25 हजार के इनामी मिथुन कुमार बिंद को देवा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। यह मूल रूप से बिहार मुंगेर के पुरुषोत्तमपुर चोरगांव का रहने वाला है। इसके पास से 126.14 ग्राम सोने के जेवर, 893 ग्राम चांदी के आभूषण, बैंक लॉकर के कटे टुकडे, एक ह?थौड़ा, लोहे की छीनी, ग्लैंडर मशीन और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

**दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर :** बैंक के लॉकर काटकर चोरी की वारदात को सात बदमाशों ने अंजाम दिया था। इनमें दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे। पहला एनकाउंटर लखनऊ के जलसेतु इलाके में हुआ था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोबिंद कुमार को घेर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। दूसरा एनकाउंटर गाजीपुर के गहमर इलाके में हुआ।

## टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

# आगामी सत्र में सदन में रखूंगा टेंट डेकोरेटर्स की समस्या : सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शुक्रवार को गढ़वा टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को मांग पत्र सौंपकर साउंड सिस्टम के ऊपर लगे प्रतिबंध में राहत दिलाने की मांग की है। सौपे गए मांग पत्र में टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा है कि जिला प्रशासन के द्वारा गढ़वा जिले में शादी-विवाह सहित अन्य कार्यक्रम में साउंड बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हम सभी साउंड व्यवसायी सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते है और ध्वनि प्रदूषण नियम के अनुसार साउंड सिस्टम का संचालन के लिए रात दस बजे तक जिला प्रशासन से अनुमति चाहते है। एसोसिएशन के लोगों ने विधायक से कहा कि एक साउंड व्यवसायी के साथ कम से कम दस से अधिक लोग जुड़े होते है। साउंड सिस्टम पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाने के बाद गढ़वा जिले के करीब चार सौ से अधिक टेंट डेकोरेटर्स से जुड़े पांच हजार से अधिक लोग बेरोजगारी और भूखमरी की स्थिति में पहुंच गए है। मौके पर ही विधायक ने फोन के माध्यम से डीसी और एसडीओ से बात की। विधायक ने कहा कि उनके रहते किसी के साथ कोई नाइंसाफी नही होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के कुछ भ्रष्ट्र अधिकारी दोहरा चरित्र अपना रहे है। कुछ दिनों पर पहले जिला मुख्यालय के बगल में कल्याणपुर के एक होटल में वरिष्ट कलाकार अक्षरा सिंह के आयोजित कार्यक्रम में बड़े-बड़े साउंड सिस्टम और डीजे लगाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से सवलिया लहजे में कहा कि सिर्फ बड़े-बड़े कलाकारों के कार्यक्रम में डीजे बजाने का आदेश है। विधायक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नियम सभी के लिए है। एक बाजार में दो भाव कैसे हो सकता है। विधायक ने कहा कि वे जिले के डीसी से मिलकर टेंट डेकोरेटर्स के व्यवसायियों की समस्याओं को रखेगें। वहीं विधानसभा के सत्र में भी इस मामलें को उठाकर इससे प्रभावित हो रहे पांच हजार से अधिक लोगों को न्याय दिलाने में कोई कसर नही छोड़ेगें। मांग पत्र सौंपने वालों में टेंट डेकोरेटर्स एसोसिएशन के चेयरमैन विनोद जायसवाल, अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, संयुक्त सचिव विकास कुमार तिवारी, राजेश सोनी सहित काफी संख्या में टेंट डेकोरेटर्स एसोसिएशन के सदस्यों का नाम शामिल है।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपुरणीय क्षतिः अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा देश के पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा में सभी प्राइवेट स्कूल के निदेशक गण के द्वारा और आरके पब्लिक स्कूल में शोकसभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

इस अवसर पर, आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। भारतीय राजनीति में एक युग का अंत हो गया है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाया। डॉ. मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की और इससे पहले उन्होंने आरबीआई गवर्नर योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभायी। उन्हें उदारीकरण के जरिये भारत को गंभीर आर्थिक संकट से उबारने का श्रेय प्राप्त है।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



रमना (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर कई जगहों पर शोक दो मिनट का मौन धारण कर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्रम में संस्कृति द गुरुकुल पब्लिक स्कूल विद्यालय परिवार ने शोक सभा का आयोजन कर बच्चों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा और पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दिया। मौके पर निर्देशक प्रभात कुमार ने कहा कि मनमोहन सिंह एक विख्यात अर्थशास्त्री के साथ प्रधानधमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर योगदान देकर देश को आगे बढ़ाएं। मौके पर प्रधानाध्यपक अजित सिंह, शिक्षिका मनोकामना देव, सोनी मिश्रा, तारा गुप्ता, चंचला कुमारी, संगीता कुमारी, तृप्ति पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची। सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–छोटु उरॉव, उम्र–25 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 5 ईंच पहनावा–पीला रंग का टी शर्ट, नीला स्वेटर एवं काला रंग का जींस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति छोटु उरॉव, उम्र–25 वर्ष, पिता–शुकु उरॉव, सा0–सकरपदा, थाना–माण्डर, जिला–रॉंची जो दिनांक–18.112024 को घर से गोवा जाने को कहकर निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–16/2024 दिनांक–25.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉंची। –9431742777
थाना प्रभारी माण्डर, रॉंची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

Pr 343056 Police (24-25)D


## अद्याशंकर बने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य प्रतिनिधि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए अद्याशंकर पांडेय को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का स्वास्थ्य प्रतिनिधि बनाया है। इसकी प्रतिलिपि सिविल सर्जन गढ़वा पुलिस अधीक्षक गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा और रंका को भी भेजा गया है। मौके पर भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी बैठक में मेरे अनुपस्थिति में शामिल होंगे, और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए काम करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित समस्या का समाधान हो सके, इसके लिए स्वास्थ्य प्रतिनिधि अद्याशंकर पांडेय काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अद्याशंकर पांडेय का स्वास्थ्य व्यवस्था से वर्षो से जुड़ाव रहा है जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। मौके पर नवनियुक्त स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि अद्याशंकर पांडेय ने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने जो भरोसा विश्वास मेरे ऊपर जताया है उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार एवं लोगों के लिए काम करने का भरपूर प्रयास करुंगा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे विकास तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## रंका में रबी कार्यशाला का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा रंका प्रखंड एग्री क्लिनिक विंडो कार्यालय में बीटीएम त्रिभुवन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष किसानों के लिए खरीफ फसल की पैदावार अच्छी रही। अब रबी फसल की बोआई का सिजन है। सरकार के द्वारा प्रखंड के किसानों को बीटीएम साहब के माध्यम से समय समय पर खाद, बीज, कीटनाशक दवा और प्रशिक्षण उपलब्ध करायी जा रही है। इस मौके पर बीटीएम त्रिभुवन सिंह, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंहा, एफपीओ अध्यक्ष सुनील माली, रंका किसान मित्र रामचंद्र राम सहित प्रगतिशील किसान काफी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वर्गीय राधा बाबू की 35वीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्वर्गीय राधा बाबू की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरूवार को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर असहाय, जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से स्वर्गीय राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एक सप्ताह तक चलनेवाले जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत पहले दिन रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जबकि दूसरा दिन शहर रंका मोड़, मझिआंव मोड, नवादा मोड़, रेलवे स्टेशन, पुरनचंद चौक सहित विभिन्न चौक चौराहों पर जरूरतमंद महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया गया। उक्त मौके पर आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि कंपकंपाती ठंड से राहत दिलाने के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। कंबल वितरण के बाद छात्र- छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया जायेगा।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी

# आर्थिक उदारीकरण की अपनायी थी नीति : दिनेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन दिनांक 26/12/2024 को दिल्ली एम्स में हो गया। इसे लेकर विवि परिसर में एक सभा का आयोजन किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि एक विद्वान अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने देश को विकट आर्थिक संकट से निकला था। इसके लिए वे हमेशा याद किए जायेंगे। उन्होंने कहा उनके द्वारा आर्थिक उदारीकरण की नीति अपनायी थी, उसे देश कभी नहीं भूलेगा।

## उनका चले जाना भारत के लिए अपूरणीय क्षति : नरेश

कांडी (आजाद सिपाही )। विश्व के महान अर्थशास्त्री और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन को लेकर स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक की इस घड़ी में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह के बतौर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में शिवपुर पंचायत में प्रस्तावित सम्मान समारोह एवं हरिगावां में स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 के फाइनल मुकाबले को स्थगित कर दिया गया। एक सप्ताह के राजकीय शोक के बाद अगली तिथि की घोषणा की जायेगी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉक्टर मनमोहन सिंह दुनिया के महान अर्थशास्त्रियों में से एक थे। इसका लोहा पूरी दुनिया ने मान लिया था। एक समय जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के चपेट में आ गया था। लेकिन डॉक्टर सिंह की नीतियों ने भारत को आर्थिक मंदी से बचा लिया था। यह उनकी बहुत बड़ी काबिलियत थी। उनका चले जाना भारत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर निकले



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के बच्चे शुक्रवार को पिकनिक और शैक्षणिक भ्रमण पर निकले। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, झामुमो नेता आनंद प्रकाश, दीनानाथ पांडे, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, राम गुलाम साह और राजकुमार साह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई कर रहे बच्चों को भ्रमण पर ले जाना शिक्षकों की एक अच्छी सोच है। पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें खुली हवा की भी आजादी मिलनी चाहिए। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड सचिव सनी कुमार, मनीष ठाकुर, राजू प्रसाद, पवन गुप्ता, ललन प्रसाद इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## रामा साहू और बीएनटी संत मैरी सेमीफाइनल में



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 12वें दिन क्वाटर फाइनल मैच में सीएम रामा साहू की टीम ने शांति निवास को एक तरफा मुकाबले में शांति निवास को आठ विकेट से हराया, वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने लगातार तीन वर्षों के चैंपियन जवाहर नवोदय विद्यालय को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से हराकर चौथी बार चैंपियन बनने का सपना जवाहर नवोदय विद्यालय के तोड़ते हुए टीम सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

## जावा क्रिकेट क्लब ने चैलेंजर क्लब को पराजित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का पांचवां मैच जावा क्रिकेट क्लब तथा चैलेंजर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए जावा क्रिकेट क्लब ने 309 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी चैलेंजर क्रिकेट क्लब की टीम105 रन ही बना पायी। जावा की टीम ने 203 रनों से जीत दर्ज की। जिसमें जावा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वीर प्रताप ने 5 और मानस तिवारी ने 2 विकेट लिए। मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वीर प्रताप सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर सिकंदर प्रजापति, रोहित सिंह, आर्यन पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजुद थे।

# प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में पांचवे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

## झामुमो नेता दीपक प्रताप देव तथा सोगरा बीबी ने मजदूरों को अपना समर्थन दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष पांचवे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के पांचवे दिन धरना स्थल पर पहुंचे झामुमो नेता दीपक प्रताप देव तथा सोगरा बीबी ने मजदूरों को अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर मजदूरों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि विस्थापितों एवं मजदूरों द्वारा प्लांट कटिंग के विरोध में पिछले पांच दिनों से जारी धरना प्रदर्शन और उनकी मांगो को सेल प्रबंधन अनसुना कर रही है। विस्थापित परिवार और मजदूरो के संघर्ष में मै अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए उनका साथ देने को तैयार हूं। पूर्व के विस्थापितों की शहादत को जाया नहीं होने देंगे। कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में मजदूरों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन पर सेल प्रबंधन कान में तेल डालकर सोया हुआ है। कहा कि सेल प्रबंधन मजदूरों की मांगो को अविलंब पूरा नहीं की तो यह लड़ाई आर पार की होगी। अंतिम लड़ाई में सेल के सीआईएसएफ के जवानो को अगर गोली चलाना है, तो पहले मुझ पर गोली चलाए, मेरे लाश पर ही क्रशिंग प्लांट यहां से कटकर जायेगा। कहा कि बंद खदानों को चालू करते हुए मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करे, अन्यथा ईंट से ईंट बजा देंगे। इस मौके पर इंटक यूनियन के सुशील चौबे, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बीरेंद्र साह, रामविजय साह, शंभू राम, झामुमो के लल्लू राम, ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

**झामुमो नेताओं और विस्थापित मजदूरों ने प्लांट का लिया जायजा :** सेल प्रबंधन द्वारा प्लांट स्क्रैप का कटिंग स्थगित किए जाने की बात कहे जाने के बाद धरना के पांचवे दिन धरना स्थल पर पहुंचे झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, सोगरा बीबी, इंटक नेता सुशील चौबे, विस्थापित मजदूरों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा सेल के सीआईएसएफ के जवानों के साथ प्लांट के अंदर पहुंचकर स्क्रैप कटिंग का जायजा लिया। इस दौरान झामुमो नेताओं और विस्थापित मजदूरों ने देखा कि पिछले पांच दिनों से सेल प्रबंधन द्वारा प्लांट के कटिंग पर रोक लगा दी गयी है। इसके बाद उक्त सभी लोग वापस धरना स्थल लौट कर नेताओं ने सेल प्रबंधन के अधिकारी 24 घंटे के अंदर धरना स्थल पर पहुंचकर मजदूरों की अन्य मांगों को पूरा करें।


## उपायुक्त - सह - जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
### (जिला समाज कल्याण शाखा)

**आम सूचना**

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड रांची के पत्रांक–3046 दिनांक–27.11.2024 द्वारा खूँटी जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के ऑगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु निर्धारित आम सभा की तिथि समय एवं स्थान की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र | परियोजना का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पंचायत | पद का नाम | चयन का तिथि | चयन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | छोटका छाता | छाता | सहायिका | 06.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 2 | | गुटुटोली | छाता | सहायिका | 06.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 3 | | तुनेल | मेहा | सहायिका | 08.01.2025 | चबुतरा |
| 4 | | कटमकुकु 2 | लोधमा | सहायिका | 08.01.2025 | चबुतरा |
| 5 | | तसकी 2 | डुमरगड़ी | सहायिका | 10.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 6 | | डुमारगाड़ी टंगराटोली | डुमरगड़ी | सहायिका | 10.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 7 | | शेसाटोली | घुनसुली | सहायिका | 16.01.2025 | चबुतरा |
| 8 | | गुनी | घुनसुली | सहायिका | 16.01.2025 | चबुतरा |
| 9 | | शगलपुर (जुलजुला) | कच्चाबारी | सहायिका | 20.01.2025 | चबुतरा |
| 10 | | पतरामुच्छिया | कुदलूम | सहायिका | 20.01.2025 | चबुतरा |
| 11 | | एराहातु | कुदलूम | सहायिका | 22.01.2025 | स्कूल |
| 12 | | मुटपा | हाकाजांग | सहायिका | 22.01.2025 | चबुतरा |
| 13 | | तिग्गा | लोधमा | सहायिका | 28.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 14 | | जाहेरटोली | लोधमा | सहायिका | 28.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 15 | | लुदरू | सुनगी | सहायिका | 30.01.2025 | अखडा |
| 16 | | बाला 2 | सुनगी | सहायिका | 30.01.2025 | चबुतरा |
| 17 | | गंगुटोली | सुनगी | सहायिका | 03.02.2025 | चबुतरा |
| 18 | | चान्हो | लिमडा | सहायिका | 03.02.2025 | अखडा |
| 19 | | कोनहप्पा | लिमडा | सहायिका | 05.02.2025 | अखडा |
| 20 | | लिमड़ा बड़ा टोली | लिमडा | सहायिका | 05.02.2025 | अखडा |
| 21 | | देशावाली | लिमडा | सहायिका | 07.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 22 | | गोविन्दपुर मुण्डा टोली | गोविन्दपुर | सहायिका | 10.02.2025 | अखडा |
| 23 | | गुस्सा टोली निचे टोली | गोविन्दपुर | सहायिका | 10.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 24 | | डुमारी | बमरजा | सहायिका | 13.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 25 | | बिनगोड़ी | बमरजा | सहायिका | 13.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 26 | | रून्जू | डहकेला | सहायिका | 17.02.2025 | पंचायत भवन |
| 27 | | जोरको | डहकेला | सहायिका | 17.02.2025 | पंचायत भवन |
| 28 | | मुरूचकेल | जरिया | सहायिका | 19.02.2025 | स्कूल |
| 29 | | चुरले | जरिया | सहायिका | 19.02.2025 | स्कूल |
| 30 | | मिटकोरा | उडीकेल | सहायिका | 21.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 31 | | कुरीद | उडीकेल | सहायिका | 21.02.2025 | स्कूल |
| 32 | | सदन टोली | जुरदाग | सहायिका | 24.02.2025 | चबुतरा |
| 33 | | आमजोरा | जुरदाग | सहायिका | 24.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 34 | | बरटोली | जुरदाग | सहायिका | 27.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 35 | | तुयू | जुरदाग | सहायिका | 27.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 36 | | बरांगों | हाकाजांग | सहायिका | 28.02.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 37 | अड़की | बारीगाड़ा | सरगेया | सेविका | 02.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 38 | | चोण्डोरडीह | तिरला | सेविका | 06.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 39 | | जोबलाभुसूडीह | नोढ़ी | सेविका | 08.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 40 | | कदमडीह | सोसोकुटी | सहायिका | 11.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 41 | | बुरूटोला | सरगेया | सहायिका | 09.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 42 | | लोवाडीह | सरगेया | सहायिका | 09.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 43 | मुरहू | शांतिपूरी | मुरहू | सहायिका | 28.12.2024 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 44 | | मारूंगटोली | मुरहू | सहायिका | 28.12.2024 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 45 | | कटहलटोली | गोड़ाटोली | सहायिका | 30.12.2024 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 46 | | बालो | गनालोया | सहायिका | 30.12.2024 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 47 | | तुम्बाकेल | कोड़ाकेल | सहायिका | 03.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 48 | | कुदासुद | हेठगोवा | सहायिका | 04.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 49 | खूँटी सदर | केर्रा | लान्दुप | सेविका | 03.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 50 | | कमन्ता | NAC | सेविका | 03.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 51 | | रेवा नीचे टोली | बिरहू | सहायिका | 04.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 52 | | मान्हू | बिरहू | सेविका | 04.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 53 | | लियाकत अली लेन | NAC | सहायिका | 07.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 54 | | मेलाटाड़ | NAC | सहायिका | 07.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 55 | | सोसोडीह | बारूडीह | सहायिका | 09.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 56 | | चण्डीडीह | बारूडीह | सहायिका | 09.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 57 | | मदगड़ा | बारूडीह | सहायिका | 11.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 58 | | कुन्दी–2 | बारूडीह | सहायिका | 11.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 59 | | ऊपर पन्दन टोली | फुदी | सहायिका | 13.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 60 | | खिजरी–2 | गुटजोरा | सहायिका | 13.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 61 | | बोन्गामाद | डाड़ीगुटू | सहायिका | 17.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 62 | | चिंचेल | डाड़ीगुटू | सहायिका | 17.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 63 | | तिलमा करंज टोली–2 | तिलमा | सहायिका | 20.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 64 | | हाबुईडीह | डाड़ीगुटू | सहायिका | 20.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 65 | | जिक्की | सिलादोन | सहायिका | 22.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 66 | | चामड़ी | भण्डरा | सहायिका | 22.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 67 | | बगड़ू–2 | तिरला | सहायिका | 24.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |
| 68 | | बड़ाबारू | मुरही | सहायिका | 24.01.2025 | आंगनवाड़ी केंद्र |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, खूँटी।

PR 342957 District (24-25)_D

उप विकास आयुक्त, खूँटी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

# सीएम के निर्देश के बाद भी अवैध बालू पर कोई रोक नहीं

## चालान 300 सीएफटी की और बालू जा रहा है 600 सीएफटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** अवैध बालू परिवहन के खिलाफ झारखंड के मुख्यमंत्री सभी जिलों के उपायुक्त को सख्त निर्देश दिए है। किसी भी परिस्थिति में अवैध कारोबार न हो, फिर ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र से इन दिनों अवैध बालू की धुलाई जोरो पर है। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विरडीह, जारगोडीह, खोखरो, हाड़ात, बामुनडीह और कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के तिरुलडीह से अवैध बालू की परिवहन प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और हाइवा से किया जा रहा है।



इन क्षेत्र से उठाव होनी वाली बालू दिन रात चौका, चांडिल, जमशेदपुर और अन्य शहरी क्षेत्रों पर बालू माफिया ऊंचे दर पर बेचा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार स्वर्णरेखा नदी से प्रतिदिन दिन रात सैकड़ों गाड़ी से बालू की उठाव हो रही है, परंतु मना करने वाले कोई नहीं है, क्योंकि बालू माफिया का सेटिंग पुलिस प्रशासन से लेकर उच्च अधिकारी तक है।

## अंचल कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सीओ अरुणिमा एक्का के अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ, बीडीओ अनिल कुमार और प्रखंड, अंचल के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। मौके पर बीडीओ ने कहा कि स्वर्गीय मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री के रूप में सूचना क्रांति, मनरेगा, किसानों की कर्जमाफी और शिक्षा के अधिकार जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए जिनका लाभ लोगों को आज भी मिल रहा है। उनकी ईमानदारी, विनम्रता और राष्ट्रसेवा का हर भारतीय सदैव ऋणी रहेगा। उनका निधन देश के लिए अपूर्णिय क्षति है। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी बलराम सिंह मुंडा, बीपीआरओ कार्तिक सिंह मुंडा, बीपीओ सुजीत सागर, एइई कुंदन उरांव, जेई मनीष साहू, समित लहा,समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## आजसू नेता की पहल पर बचरा अंडरपास पुल की करायी गयी सफाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक की पहल सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा बचरा पंचवटी गेस्ट हाउस के बगल बचरा बस्ती जाने वाले अंडरपास पुल की सफाई कराई गयी। जानकारी के अनुसार बचरा पंचवटी गेस्ट हाउस के बगल बचरा बस्ती जाने वाले अंडरपास पुल की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी,जिसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आवागमन करने वाले लोगों की शिकायत पर आजसू नेता विनोद सिंह विधायक ने पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ अफिसर सिविल विपिन बिहारी को समस्या से अवगत कराया। इसके बाद स्टाफ ऑफिसर सिविल विपिन बिहारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत जेसीबी मशीन भेज कर अंडरपास पुल की सफाई कर आवागमन करने वाले मार्ग को दुरुस्त कराया।इस संबंध में आजसू नेता विनोद सिंह ने कहा कि अंडरपास पुल से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए,सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सफाई कराया गया है।अब आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिल रही है। उन्होंने इस कार्य के लिए सीसीएल प्रबंधन के सिविल विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है। इधर अंडरपास पुल की सफाई होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी सीसीएल प्रबंधन एवं आजसू नेता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में कर्रा प्रखंड ने मारी बाजी, पुरस्कार में मिले डेढ़ करोड़ रुपये

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग द्वारा आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को 1.5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि और सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। कर्रा प्रखंड ने आकांक्षी प्रखंड के सभी छह प्रक्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कर्रा प्रखंड की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार न केवल कर्रा प्रखंड की टीम और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है, बल्कि इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण रही है। इस पुरस्कार से कर्रा प्रखंड सहित खूंटी जिले को राज्य और देश में अलग पहचान मिली है। पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर और सुदृढ़ बनाने के लिए किया जायेगा। कलेंडर कुमार साह सहित थाना के शस्त्रबल के जवान शामिल थे।

## मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी लगातार जरूरतमंदों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण कर रहे है। शुक्रवार को भी भूतनगर, बरटोला, खूटोटोला, सुभाष नगर, मानकी बस्ती ,होयरबस्ती, राय, चूरी, बामने, अम्बा टोंगरी, सामू टोंगरी, पीपर टाड़,मोहन नगर, टिकेतरी, मनातू आदि गांवों के 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया। मौके पर अंसारी ने कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करना मेरी नियती में शामिल है। कहा कि गरीबों का सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही होता है। इस मौके पर सुनिल सिंह, सोनू पांडेय, विकास लोहरा, पंचु उरांव आदि उपस्थित थे।

## पुरानीराय निर्मल महतो चौक से स्विफ्ट डिजायर कार से आठ बोरा डोडा जब्त



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ खलारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खलारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के क्रम में पुरानीराय स्थित शहीद निर्मल महतो चौक के पास बुढ़मू की ओर से आ रही एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी के दौरान आठ बोरा डोडा पकड़ा गया। इस संबंध में थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित खलारी थाना पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि खलारी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार सुबह आठ बजे वाहन चेकिंग के क्रम में पुरानीराय स्थित शहीद निर्मल महतो चौक में तलाशी के दौरान बुढ़मू की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार के अंदर आठ प्लास्टिक का बोरा पाया गया। इस दौरान चालक का नाम पता पूछने पर कार सवार धर्मेंद्र कुमार साव पिता खिरोधर साव उम्र 30 वर्ष ग्राम गिद्धौर, थाना गिद्धौर जिला चतरा बताया गया। इधर खलारी पुलिस के द्वारा चालक को गहनता से पूछताछ करने पर बोरा में भरा हुआ सामग्री के बारे में बताया गया कि सभी बोरा में नशीला पदार्थ डोडा (अफीम) भरा हुआ है। यह नशीला पदार्थ सिमरिया जिला चतरा निवासी व्यक्ति के कहने पर तुपुदाना रिंग रोड ओवर ब्रिज के निचे डोडा भरे हुए उक्त आठ बोरा को अपनी स्विफ्ट डिजायर कार में लोड कर सिमरिया स्थित बैलगाडा जंगल ले जाया जा रहा था। इस छापामारी अभियान में खलारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह,पुलिस अवर निरीक्षक देव कुमार दास, सहायक अवर निरीक्षक राजकिशोर कुमार सिंह, आरक्षी कलेंद्र कुमार साह सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## गजराजों ने कर्रा क्षेत्र में बढ़ायी मुसीबत जिला प्रशासन ने लागू की निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आम तौर पर प्रशासन द्वारा निषेधाज्ञा उस परिस्थिति में लागू की जाती है, जब शांति भंग होने का खतरा हो, लेकिन जंगली हाथियों ने खूंटी जिले में ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है। हाथियों के कारण धारा 163 (पहले धारा 144) के तहत जिले के कुछ क्षेत्रों में प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। जरियागढ़ थाना क्षेत्र के चांपी और गोविंदपुर इलाके में 27 गजराजों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों को देखने और उन्हें खदेड़ने के लिए हजारों की भीड़ जुट रही है। इससे गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। हाथियों के आसपास भी न जुटे, इसको लेकर अनुमडल दंडाधिकारी दीपेश कुमारी ने कर्रा प्रखंड के ग्राम चांपी, गाड़ाटोली, मिटकोरा और उकड़ीमाड़ी इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा 27 दिसंबर 2024 से एक जनवरी 2025 के अपराह्न छह बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान उपरोक्त वर्णित ग्राम के समीप वैसे सभी स्थल, जहां जंगली हाथियों का झुंड उपस्थित हो, पांच या उससे अधिक व्यक्यिों का किसी प्रकार से एकत्रित होने और आम रास्ता को अवरूद्ध करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त सरकारी कर्मियों, बाजार हाट या मेला में एकत्रित आम लोगों, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर में पूजा-अर्चना, शादी-विवाह के लिए आमंत्रित लोगों और शव यात्रा पर यह लागू नहीं होगी। अनुमंडल दंडाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करें और जंगली हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। लोगों को सलाह दी गयी है कि अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाएं, जिससे अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। यह आदेश लोक परिशांति और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए लागू किया गया है। किसी भी उल्लंघन पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



## मुरहू के पांडू घाट से होगा बालू का उठाव, डीसी ने किश शूभारंभ

**खूंटी (आजाद सिपाही)। बालू की वैध उपलब्धता सुनिश्चित करने और अवैध खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम अंतर्गत संचालित मुरहू प्रखंड स्थित पांडू बालू घाट का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि बालू की वैध उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासशील है। इसी दिशा में मुरहू के पांडॅ घाट का शुभारंभ किया गया है, जिससे आमजनों को आसानी से बालू उपलब्ध हो सके और बालू की कालाबाजारी पर पुर्ण विराम लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में निर्माण कार्यों को सुगम बनाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिकृत घाटों से ही बालू खरीदें। ज्ञात हो कि खूंटी जिले में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम द्वारा संचालित डोड़मा और पांडू बालू स्टॉक यार्ड से बालू खरीदा जा सकता है।**

## बुंडू किस्टो कुमार बेसरा ने अस्पताल का निरीक्षण किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्टो कुमार बेसरा ने शुक्रवार को बुंडू नगर पंचायत स्थित पुराने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम उन्होंने दैनिक पंजी और उपस्थित चिकित्सा और स्वस्थ कर्मियों के बारे में जानकारी हासिल कर नियमित ड्यूटी करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम दैनिक ड्यूटी के अनुसार चिकित्सा और स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।**

## विधायक ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का लिया जायजा, पटाखों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे किसी भी हाल में हाथियों के समक्ष न जाये और उन्हें छेड़ें नहीं। विधायक ने शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के जुरदाग नवाटोली, घोरपिंडा, मेरले आदि गांवों का दौरा कर जंगली हाथियों द्वारा किये गये नुकसान का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के बीच पटाखों का वितरण किया और कहा कि प्रशासन से मिलकर इस समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर बीरेंद्र सिंह, नोतरोत पूर्ति, जोनसन होरो, वन विभाग के अनिल मांझी, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे। जंगली हाथियों ने फसल को नुकसान पहुंचाया।



जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाकर जूरदाग नावाटोली के हरिनाथ भोक्ता तथा मार्शल तोपनो के खलिहान में रखे धान, पुरगुण तोपनो की फ्रेंचबीन, बाहलेन होरो का आलू तथा अमृत होरो के बारी में लगे गोभी को खाकर रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों ने घोरपिंडा के आशिक होरो और विजय होरो का धान, मेरले गांव के लोदो मुंडा तथा पतरू मुंडा का धान और ज्योतिष हेरेंज के माडुआ को खाकर छिट कर बर्बाद कर दिये।

## नशा हमारे परिवार सहित शरीर को नष्ट करता है: पूर्व सांसद अनुप साहू



अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड क्षेत्र के कोटा गांव में आज नशा की आदत से आज युवको को कैसे बचाया जाए, पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जनजातीय युवक के साथ बैठक करते हुए, पुर्व सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहु ने कहा कि नशा हमारे परिवार सहित शरीर को भी नष्ट कर रहा है हमारे खेत की उर्वरा शक्ति घटती चली जा रही है और खेत बंजर भूमि बन जायेगी की लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# मुरी रेलवे में ट्रेन से वृद्ध का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** टाटा से झारसुगुड़ा चलने वाली गाड़ी के बोगी में सीट के नीचे से वृद्ध आदमी का शव बरामद किया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी मृत्यु काफी धंटे पहले हुई है। सीट पर खुन के निशान मिले हैं। जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## बुंडू गांव में 30 से 40 की संख्या में हाथियों के आने की सूचना

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के एड़केया, सुटीलौंग सुमानडीह जंगल में शुक्रवार की रात 30 से 40 की संख्या में हाथी आने की सूचना है। आसपास के ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने की अपील किया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित रहें चिकित्सक: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्र ने चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित रहें। उपायुक्त ने अस्पतालों में साफ-सफाई को प्राथमिकता दने का भी निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया। उपायुक्त शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से अस्पतालों में साफ-सफाई, चिकित्सक और नर्सों की उपस्थिति, मरीजों की जांच, मशीनों का शत प्रतिशत इस्तेमाल, रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक, एमटीसी बेड की शत प्रतिशत ऑक्यूपेंसी, ओपीडी-आइपीडी का संचालन, एएनसी रजिस्ट्रेशन, सिकल सेल, लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण और मरीजों को इसका लाभ देने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं को दुरुसत करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमानुसार प्रतिदिन के रोस्टर का निर्धारण किया जाये, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आनेवाले मरीजों को इलाज कराने में समस्या न हो। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण के समान्य मामलों को चिकित्सक रेफर न करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर से संभव इलाज को प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही करें ताकि मरीजों को अस्पतालों का चककर लगाना न पड़े। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझ सहित सभी एमओआइसी उपस्थित थे।



## पेंशनर समाज की बैठक संपन्न एनपीएस और ओपीएस पर हुई चर्चा



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर समाज सिल्ली शाखा की बैठक प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार की गयी। बैठक अध्यक्षता समल महतो ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह शामिल हुए। बैठक में पेंशनर समाज के संगठन में नए पेंशनरों को शामिल करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) व राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) पर विस्तृत से चर्चा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर समाज के 80 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन श्रीपद महतो ने किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद महतो, कैलाश प्रसाद महतो , गुरुपद महतो, पानो देवी, शिवचरण महतो, नगेंद्र नाथ महतो, कृष्ण कुमार महतो, नरेश चंद्र महतो, अनिल महतो, बैजनाथ महतो , श्रीहरि महतो,हरिहर महतो, भजोहरि महतो, हरिहर महतो आदि उपस्थित थे।

## एससी-एसटी-ओबीसी एकता मंच ने बैठक कर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की निंदा की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एससी/एसटी/ओबीसी एकता मंच की बैठक शुक्रवार को डकरा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता और संचालन कन्हाई पासी के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर उपस्थित मंच के लोगों ने शोक प्रकट कर उनकी आत्मा के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर की गयी टिप्पणी पर मंच के लोगों द्वारा घोर निंदा किया गया। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में 29 दिसंबर दिन रविवार को संध्या 04 बजे से डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क डकरा से गुरुद्वारा चैक तक शांति जुलूस निकाला जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से रामलखन गंझू, अमतृ भोगता, जालिम सिंह, देवपाल मुंडा, बालेसर उरांव, सुखराम सेठ, किशोर कुमार, बहुरा मुंडा, महेंद्र उरांव, संतोष उरांव, सूनिल यादव, प्रभाकर गंझू, श्यामजी महतो, नित्य कुमार, नरेश गंझू, जगन्नाथ महतो, उमेश लोहरा, भोला बघेल, शिवनारायण लोहरा, रविंद्र बैठा, रामेश्वर गंझू, संजय गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

## राशन बांटने में अनियमितता के आरोप में राशन दुकानदार का लाइसेंस रद्द

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राशन वितरण में अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान, सीसीस्टोर (अनुज्ञप्ति संख्या केएच-01/85) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जन वितरण प्रणाली दुकान संचालन में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। निरीक्षण के क्रम में दुकान का संचालन अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा करने, कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न देने, चना दाल वितरण योजना के तहत गोदाम से उठाव के बावजूद वितरण नहीं करने, डीलर कमीशन की राशि व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित करने, समय पर दुकान नहीं खोलने, सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण नहीं करने, भंडार व वितरण पंजी अद्यतन नहीं करने, वितरण पर्ची सभी कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं कराने जैसी अनियमितता सामने आई। इसके बाद सीसी स्टोर को स्पष्टीकरण किया गया, पर सीसी स्टोर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने खूंटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ हीं झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2022 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कालाबाजारी की मंशा से दुकान का संचालन किए जाने की पुष्टि हुई। इस आधार पर अनुज्ञप्ति संख्या केएच-01/85 को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा के डी आंबेडकर चैक पर शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री, रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी संचालन विक्की सिंह ने किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ मनमोहन सिंह की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी औ दो मिनट का मौन रख। मौके पर अपने संबोधन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को मंझधार से निकाल कर के मुख्य धारा में लाने का काम किया था। जिसके कारण आज विश्व पटल पर भारत एक मजबूत देश बना। उनकी आर्थिक नीतियों के कारण विश्व के कोने कोने में भारत की अलग पहचान बनी। उन्होने देश को विकास के पथ पर बहुत आगे खड़ा कर दिया। उनके निधन से राष्ट्र और कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है जिसे पुरा नहीं किया जा सकता है। शोक सभा में मुख्य रूप से राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, मारुति देवी, रौशन लाल, सुधीर सिंह, फिरोज अंसातिब, मोनू सिंह, अजय वर्मा, शैलेंद्र सिंह, कामेश्वर शर्मा, इकबाल खान, मनीष राम, गंगा बैठा, रकीब अंसारी, प्रदीप पासवान, प्रिंस सिंह, रवि सिंह, रोनित सिंह, गुड्डू यादव, अब्बास अंसारी, जगदीश तुरी, हीरामन गंझू, रौशन गुप्ता, सिद्धू पासवान, मनोज निषाद, इम्तियाज अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## बुंडू में पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू बार एसोसिएशन में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन को लेकर शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुंडू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो महासचिव शिव शंकर महतो ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आनंद राम महतो, रितेश जायसवाल, उत्तम भट्टाचार्य, अनूप जायसवाल, मुरली सुंदर पांडे, दुर्गा प्रसाद राय, वासुदेव प्रमाणिक, दिनेश महतो, संजय मुखर्जी, मनोज चौधरी आदि शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## खनन विभाग ने अवैध बालू लदे ट्रक को किया जब्त

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग व अनगड़ा पुलिस की टीम ने बालू तस्करी के खिलाफ गुरूवार की रात संयुक्त कारवाई की। इस दौरान अनगड़ा- हुंडरू फॉल मार्ग में नारायण सोसो के पास बालू का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया गया। इसके अलावा हाहे- राहे मार्ग व रांची-पुरुलिया मार्ग पर भी छापामारी अभियान चलाया गया। मामले को लेकर शुक्रवार को ट्रक मालिक, संचालक व चालक के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। विदित हो कि सिल्ली व राहे क्षेत्र से बालू का अवैध परिवहन अनगड़ा थाना क्षेत्र के रास्ते किया जाता है। बताया गया कि पकड़े जाने के डर से बालू तस्कर हर रोज नए रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। इन दिनों जोन्हा से बीसा-गेतलसूद होते हुए अनगड़ा- हुंडरू फॉल मार्ग पर धड़ल्ले से बालू का अवैध परिवहन किया जा रहा है। बालू के अवैध कारोबार से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है।

# ग्रामीणों ने प्रखंड परिसर स्थित आवास निर्माण कार्य रोका, बुलावे पर पंहुचे विधायक

**निर्माण हो रहे आवासों को देखकर सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि घटिया ईंट, छड़, सीमेंट का इस्तेमाल कर ठेकेदार आवास बना रहा है, कभी भी गिर सकती है बिल्डिंग**







आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** कांके प्रखंड परिसर स्थित बन रहे बीडीओ, सीओ सहित कर्मचारी आवास में हो रहे घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया।

ग्रामीणों ने मामले की सूचना विधायक सुरेश कुमार बैठा को दिया। सुरेश कुमार बैठा ने प्रखंड परिसर स्थित बन रहे सरकारी आवास का निरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि आवास निर्माण में निम्न स्तरीय बंग्ला भट्ठा निर्मित ईंट और लोकल सरिया छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है। साइट पर लग रहे ईंट को उठाकर देखा। बताया कि गुणवतापूर्ण कार्य नहीं होने पर भविष्य में बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है। साथ ही कहा कि बीडीओ और सीओ को समय-समय पर हो रहे कार्य का निरीक्षण करना चाहिए। साथ ही ठेकेदार द्वारा शिलापट्ट पर प्राकलपित राशि का जिक्र नहीं करने पर विधायक ने नाराजगी जतायी। ज्ञात हो कि ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से बीडीओ, सीओ, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 19 फ्लैट का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसकी प्राकक्लित राशि 4.50 करोड़ की है, जिसका शिलान्यास सांसद संजय सेठ और विधायक समरीलाल ने इसी वर्ष 23 फरवरी को किया था। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, पंचायत समिति सदस्य लालचंद सोनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अख्तर हुसैन, गौरीशंकर महतो, अशोक महतो, अबू तलहा, अरविंद राम, रोहित यादव, मनीष महतो, रिजवान, आसिफ, शाहिद कई कार्यकर्ता भी विधायक के निरीक्षण की बात सुनकर मौके पर पहुंचे थे।

### अगर गलत काम हुआ है, तो कार्यपालक अभियंता और अभियंता भी इसके जिम्मेवार हैं: ठेकेदार मनोज

इस संबध में ठेकेदार मनोज अग्रवाल और उनके मुंशी से पूछे जाने पर बताया कि जिसे विधायक घटिया ईंट और छड़ बता रहे हैं वहीं प्राक्कलन में है। मैं बहुत ही अच्छा काम कर रहा हूं। अगर गलत काम हुआ है, तो कार्यपालक अभियंता और अभियंता भी इसके जिम्मेवार है। वहीं निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत हो चुका है। 4.50 करोड़ में अभी तक एक करोड़ की पेमेंट विभाग द्वारा दिया गया है, बकाया पेमेंट भी विभाग द्वारा नहीं किया गया है। विधायक और कांग्रेसी कार्यकर्ता ग्रामीण विकास विभाग से मेरे किये कार्य का पेमेंट दिला देते तो अच्छी बात होती। विधायक के निरीक्षण करने से कुछ नहीं होगा।

## कोयला लदे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, ट्रक जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के कमड़े स्थित विनको पेट्रोल पंप के पास एक कोयला लदा ट्रक के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। युवक की पहचान तिलता के रहने वाले मांगा उरांव के 26 वर्षीय पुत्र अमित लकड़ा के रूप में हुई। अमित पंडरा में मजदूरी का काम करता था। काम खत्म करने के बाद रात को अपने बाइक से वापस घर लौट रहा था। रात 12:30 बजे जैसे ही वह विनको पेट्रोल पंप के पास पहुंचा विपरीत दिशा से आ रहा कोयला लदा ट्रक जेएच16जी-6782 ने उसे अपने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर मृतक के भाई रामचंद्र उरांव ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है।

## नगड़ी प्रखंड कार्यालय में शोकसभा का आयोजन



नगरी प्रखंड कार्यालय में डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर मौन धारण करते अधिकारी और ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** पुर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, नगड़ी अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के पुर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं, जिसका देश सदैव ऋणी रहेगा। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों में सीओ राजेश कुमार,बीडियो दीपाली भगत और थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तपेश्वर केसरी सहित कई लोगों तथा अंचल और प्रखंड कर्मियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया।

## हुवांगहातू पंचायत में ओनोल लताबुरू मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** हुवांगहातू पंचायत के बंशीदाग में शुक्रवार को पारंपरिक ओनोल लता बुरू मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेसापीड़ी फुटबॉल मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता ने मेला का मुख्य आकर्षण बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्घाटन खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन और खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में रामकुमार पाहन ने कहा कि मेला दिलों को जोड़ने का माध्यम है, जो एक बार आता है और अपने पीछे अनेक यादें छोड़ जाता है। हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने मेला का आनंद लिया और अपनी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिजेंदर राय, सोहराई पाहन, संजय पाहन, मंगल मुंडा, कार्तिक पाहन, मंगत राय मुंडा की उपस्थिति रही।

## कृषि मंत्री के आप्त सचिव बने मनोरंजन, प्रखंड प्रमुख ने दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** झारखंड सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के सरकारी कोटा के आप्त सचिवों की नियुक्ति की है। इसी के तहत मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आप्त सचिव बनाया गया, मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने शुक्रवार को उनसे मिलकर स्वागत करते हुए बधाई तथा सुभकामनाएं दी है, मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सीताराम साहू, बेलस तिर्की, सजिब अंसारी, अखिलेश भगत राजेंद्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## करमलाल महतो ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण



**अनगड़ा ।** समाजसेवी करमलाल महतो ने शुक्रवार को सिरका नयाटोली में गरीब और असहाय वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया। कहा कि इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने स्वयं के खर्चे से कंबल की व्यवस्था की तथा अपने हाथों से उन्हें कंबल दिया। कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। कहा कि आगे भी जरुरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जायेगा।

## किसानों के बीच पांच टन चूना का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा शुक्रवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी लैंपस में किसानों के बीच पांच टन चुना का वितरण किया गया। वितरण प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमल उरांव, बीटीएम प्रदीप सरकार, पंसस गौरव कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर आम्लिक मृदा सुधार और प्रबंधन योजना के तहत 30 किसानों के बीच मिट्टी की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए चुना वितरण किया गया। मौके पर बीएओ ने किसानों से रवि फसल का बीमा 1 रुपये का टोकन मनी देकर कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने किसानों से धान की बिक्री लैम्प्स में 24 रुपये प्रति किलो की दर से करने की जानकारी भी दिया। इस अवसर पर बीटीएम प्रदीप सरकार ने कहा कि प्रखंड के अन्य गांवों में भी विभाग द्वारा जल्द ही चुना का वितरण किया जायेगा। मौके पर लैंपस प्रबंधक प्रकाश महतो, जगदेव महली, हीरालाल महतो, जैना भगत, कलेश्वर महतो स्नेत अन्य मौजूद थे।

## जंगली हाथी ने युवक को मारा धक्का, गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटा दूधिया जंगल के बंजारा मोड़ के समीप एक विशालकाय जंगली हाथी ने इसी थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री गांव निवासी 19 वर्षीय युवक कृष्णा उरांव को दांत से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और घायल के जीजा विगा उरांव ने बताया कि वह साइकिल से बकरियों के भोजन के लिए पत्ता लाने के लिए जंगल की ओर गया था। वहीं घर लौटने के दौरान ईंटा दूधिया जंगल के बंजारा मोड़ के समीप अचानक एक विशालकाय जंगली हाथी आ धमका। जंगली हाथी ने उसे दांत से जोरदार धक्का मारा, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट उसके बाएं पैर पर लगी है। वहीं इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने उसे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ कुसुमलता ने उसका प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।





बेड़ो में जंगली हाथी से घायल युवक और बेड़ो वन विभाग के वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, भूपेंद्र प्रसाद और संजय भगत सहायता राशि उनके स्वजनों को सौंपते हुए।

वहीं घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो वन विभाग के वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, भूपेंद्र प्रसाद और संजय भगत सीएचसी बेड़ो पहुंचे। साथ ही उन्होंने तत्काल मुआवजा के रूप में नकद पांच हजार रुपये की राशि उनके स्वजनों को सौंपा। वहीं सूचना मिलने पर हरिहर जामटोली पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, समाजसेवी दशरथ तिर्की और वन सुरक्षा समिति के रसीद मीर सीएचसी बेड़ो पहुंचकर स्थिति की जानकारी लिया।

इधर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से जनहित में जंगली हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस झुंड में तीन जंगली हाथियों को देखा गया है। इनके दस्तक देने से आसपास गांवों में दहशत व्याप्त है।

## इटकी प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात फसलों को पहुंचाया नुकसान, ग्रामीण भयभीत

इटकी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जंगल से सेट दर्जनों गांवों में पिछले तीन दिनों से जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखे है। गुरुवार की रात एक जंगली हाथीयों के दल से बिछुड़ कर खुटियारी गांव स्थित खेतों में पहुंचा और कई किसानों के फसलों को खा कर, रौंद कर भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों के आने की सूचना पर ग्रामीण एक जुट होकर खदेड़ना शुरू किया। इसके बाद हाथी भंडरा गांव पहुंच कर खेत लगे मकई ,आलू, फ्रेंचबीन, मटर, फुल गोभी, बंधा गोभी जैसी फसलों को रौंद डाला। जंगली हाथी के आतंक से सौका, डोला, हरमू सहित अन्य गांव प्रभावित है। फिलहाल हाथियों का झुंड भंडरा और खुटियारी गांव के बीच जंगल में अड्डा जमा रखें है। हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत है।

## पिछले 20 दिनों से लापता है युवक



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के महेशपुर चट्टान टोली निवासी जेदू मुंडा का 22 वर्षीय पुत्र विजय मुंडा पिछले 20 दिनों से घर से लापता है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी अबतक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। बताया गया कि विजय मुंडा बीआईटी थाना क्षेत्र के होंबई गांव में अपने नाना के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वहीं से लगभग 20 दिन पहले वह घर से निकला पर अभी तक घर वापस नहीं लौटा है। इस बीच परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की कोशिश की पर कोई पता नहीं चल पाया। उसका मोबाइल नंबर 9608946782 भी स्विच ऑफ बता रहा है। इस संबंध में पिता जेदू मुंडा ने बीआईटी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

## नव वर्ष में सुरक्षा को लेकर जोन्हा फॉल में हुई बैठक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। नव वर्ष पर पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जोन्हा फॉल परिसर में शुक्रवार को अनगड़ा थानेदार हीरालाल शाह के नेतृत्व में जोन्हा फॉल और सीता फॉल के पर्यटक मित्रों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में आने वाले सैलानियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वहां के पर्यटक मित्र, स्थानीय दुकानदारों व स्थानीय ग्रामीणों के साथ चर्चा की गयी। थाना प्रभारी ने बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा, उनके साथ मधुर व्यवहार करने, नशापान करने से रोकने तथा फॉल के दुकानदारों को शराब की बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीता फॉल के प्रभारी पर्यटक मित्र सोहन बेक, लक्ष्मण महतो, जोन्हा फॉल के प्रभारी राजेंद्र महतो, हरेंद्र महतो, होटल संचालक राजु, सुकरा, हरिदास, राजकिशोर, धनीराम, भरत नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## यौन शोषण का आरोपी युवक गिरफ्तार

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अनगड़ा लमका बेड़ा गांव की एक पीड़िता ने सिरका गांव के युवक संदीप महतो पर साथ रखने का झांसा देकर पिछले एक साल से यौन शोषण करने का आरोप लगायी है। इस संबंध में पीड़िता ने संदीप महतो के विरूद्ध अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## भूतपूर्व सैनिक ने चोरी का विरोध करने पर जानलेवा हमला किये जाने का आरोप लगाया

**इधर सीता देवी ने भी सतेंद्र मुंडा के ऊपर बेटी के साथ बदसलूकी का प्रयास करने, दबंगई से रास्ता घेरने तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है**

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महेशपुर जेसवईल टोली निवासी भूतपूर्व सैनिक सत्येंद्र मुंडा ने चोरी का विरोध करने पर कुछ लोगों द्वारा उनके उपर जानलेवा हमला किये जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सत्येंद्र मुंडा ने महेशपुर बगान टोली की रहने वाली सीता देवी और शीला देवी के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत की है। सत्येंद्र मुंडा का आरोप है कि गत महीने के 24 नवंबर की रात उनके बगान टोली महेशपुर स्थित फार्म हाउस में चोरी का प्रयास किया जा रहा था। सुचना पाकर जैसे हीं वे फार्म हाउस पहुंचे देखा कुछ लोग चोरी की नियत से फार्म हाउस में प्रवेश कर रहें हैं। यह जानकर उन्होंने उनका पीछा किया और दौड़ा कर पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उनके साथ मारपीट करते हुए वे लोग एक घर की तरफ भाग गये। पुनः पीछा करते हुए वे उस घर के पास पहुंचे तो सीता देवी और शीला देवी घर से निकलकर गाली गलौज करने लगी। बाद में हरवे हथियार के साथ भीड़ इक्कठा कर उन्हें चारो तरफ से घेर लिया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया गया। उन्होंने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचायी। इधर सीता देवी ने भी सतेंद्र मुंडा के ऊपर बेटी के साथ बदसलूकी का प्रयास करने, दबंगई से रास्ता घेरने तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### हूटार में एक वर्ष से बन रही दो जलमीनार अब भी अधूरी

# जल जीवन मिशन में ठेकेदारों की मनमानी गुणवत्ता के अनुसार नहीं बन रही पानी टंकी

**ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही है अनियमितता, साइट पर जांच करने नहीं जाते अफसर**

**विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि निर्माण कार्य अधूरे**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रखंड के सत्रह ग्राम पंचायत के गांवों में टंकी,बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग व संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के हूटार गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो जलमीनार पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां पानी के लिए गांव के लोग तरस रहे हैं। अर्ध निर्मित जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही व उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल का सपना अभी तक अधूरा ही है। गांव में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना लूट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस योजना के आधे अधूरे कार्य की वजह से ये योजना धरातल पर नजर नही आती है। इस योजना में जिस तरह से अनियमितता बरती गयी है, उसकी जांच होनी चाहिए। इधर हूटार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है, ना तो ठीक से मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है और ना ही बन रहे दीवार और पीलर में पानी दिया जा रहा है, जिससे टंकी की दीवार और पिलर मजबूत नहीं बनेगी। खराब निर्माण कार्य से लोगों में काफी आक्रोश है। कहा जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों के उदासीनता रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि योजना के काम की खानापूर्ति करने पर ध्यान दे रहे हैं। एक तो काफी रद्दी और घटिया किस्म से दोनों जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है, उसमें भी इतना विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने डीसी से गुहार लगाते हुए कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों से संबंधित विभाग के अधिकारियों किर्मियों अभिकताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अविलंब जल मीनार निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

## डीडीसी ने धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की, कहा

# वजन संबंधी शिकायत पर करें कार्रवाई

**धान अधिप्राप्ति में शिथिलता बरतने वाले पैक्सों को डी-नोटिफाई करने के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिला सहकारिता कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में डीडीसी ने पिछले 12 दिनों में हुए धान खरीद की जानकारी ली, डीएसओ प्रीति किस्कु ने बताया कि अबतक 41 पैक्सों से 18683.94 क्विंटल धान का क्रय किया गया है। इसपर डीडीसी ने चिंता जाहिर करते हुए धान क्रय में तेजी लाने की दिशा में सभी संबंधितों को कार्य करने के निर्देश दिये।



### जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम को करें विकसित: शब्बीर अहमद

बैठक में डीडीसी ने डीएसओ को किसी भी पैक्स से धान वजन से संबंधित किसी तरह का शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम को विकसित करने पर बल दिया। वहीं सभी क्रय केंद्रों पर विजिटिंग रेजिस्टर रखने व प्रत्येक सप्ताह में नोडल पदाधिकारियों संग बैठक करने की बात कही। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा व विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

**31 दिसंबर तक 10 प्रतिशत से कम धान क्रय करने वाले पैक्सों को डी-नोटिफाई करने की तैयारी :** धान क्रय की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने अब तक जिन पैक्सों द्वारा पांच से कम किसानों से धान क्रय किया गया है उनकी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बिश्रामपुर, सलतुआ, हरिहरगंज पूर्वी, वीकेएसएस अग्रिफार्म एफपीओ, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कंडा, मोहम्मदगंज, तीसीबार कला, पचकेड़िया, उदयपुरा टू, करकट्टा एफपीओ पैक्स द्वारा 5 से भी कम किसानों से धान क्रय किया गया है। इस पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि 31 दिसंबर तक इन पैक्सों द्वारा धान क्रय में तेजी नहीं लायी जाती है तो इन्हें डी-नोटिफाई करने की कार्रवाई करें।

# विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

**सपा नेता कमलेश कुमार यादव ने कहा कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से देश ने न सिर्फ एक अर्थशास्त्री खो दिया है, बल्कि एक ऐसा नेता खो दिया है जिनकी विद्वता और गरिमा को विश्व में हमेशा याद रखा जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज हुसैनाबाद के समाजवादी पार्टी के नेता कमलेश कुमार यादव सहित कई नेताओं ने देश के महान अर्थशास्त्री तथा पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना जताया है। सपा नेता कमलेश कुमार यादव ने कहा कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से देश ने न सिर्फ एक अर्थशास्त्री खो दिया है, बल्कि एक ऐसा नेता खो दिया है जिनकी विद्वता और गरिमा को विश्व में हमेशा याद रखा जायेगा। उधर बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, राजद नेता महेंद्र यादव, पूर्व बीस सूत्री भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन गुप्ता, राजद सह सामाजिक कार्यकर्ता साछोटेलाल गुप्ता ने भी पूर्व पीएम के निधन पर कहा कि देश के आर्थिक विकास में दिवंगत पीएम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन लोगों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से देश का अपूरणीय क्षति पहुंची है।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर छतरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया शोक



छतरपुर (पलामू)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर छतरपुर प्रखंड में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। गोपाल प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल में किये गये विकास कार्य अविस्मरणीय हैं। पूरे देशवासी उनके योगदान के लिए कृतज्ञ हैं और उन्हें कभी नहीं भुला सकते। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गोपाल प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ा स्तंभ खो दिया है, भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। कार्यक्रम में प्रखंड महासचिव अजय प्रजापति, उपाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, नगर उपाध्यक्ष राजन चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष रामाशीष प्रजापति (कौवाल), कासिम अंसारी (नौडीहा), गिरजा राम (सुशीगंज), अब्दुल करीम, रमेश मिस्त्री (बगिया), अब्दुल अलीम (चिरू), शशि देवी (तेनुडी) समेत अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाकुंभ जाना होगा आसान, जपला से होकर भी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्रा ने शेयर किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** महाकुंभ-2025 के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त गाड़ी सं-08314/08313 का परिचालन बरास्ता जपला भी किया जायेगा। यह स्पेशल ट्रेन तितलागढ़-टुंडला-



तितलागढ़ कुंभ मेला स्पेशल संख्या-08314 तितलागढ़-टुंडला जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल 09, 16 एवं 23 जनवरी तथा 06, 20 और 27 फरवरी (गुरूवार) को तितलागढ़ से 17 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 2.30 बजे टुंडला जंक्शन पहुंचेगी। यहां से वापसी में गाड़ी संख्या- 08313 टुंडला जंक्शन-तितलागढ़ कुंभ मेला स्पेशल 11, 18 और 25 जनवरी तथा 08, 22 फरवरी एवं 01 मार्च (शनिवार) को टुंडला जंक्शन से 5 बजे खुलकर रविवार को 11 बजे तितलागढ़ पहुंचेगी। इस ट्रेन का परिचालन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बरकाकाना, टोरी, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मंझवार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज के रास्ते किया जायेगा। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्रा ने शेयर किया है।

### सतबरवा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 20 फरवरी से होगी शुरू



**सतबरवा (आजाद सिपाही)। सतबरवा के महावीर मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को गायत्री परिवार सतबरवा इकाई के द्वारा एक बैठक की गयी। जिसमें 20 फरवरी से 23 फरवरी तक होने वाली 24 कुंडिय, गायत्री महायज्ञ का सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेदनीनगर उप जोन समन्वयक शिव शंकर सिंह ने की, जिसमें जिला से आये अंबिका प्रसाद, राम जी प्रसाद गुप्ता देवालय प्रबंधक पलामू, दिनेश्वर, कार्यक्रम पदाधिकारी, सुशील उप जोन कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद रहे।**

# देश में बेटियां अभी भी नहीं हैं सुरक्षित : लाल सूरज

**पांकी की बेटी के साथ हुई घटना को लेकर कैंडल मार्च निकाल कर फांसी की सजा देने की मांग की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी / पलामू।** गुजरात के भरूच में दरिंदगी के शिकार पांकी के नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार करने के बाद निर्मम हत्या करने से लोगों में काफी आक्रोश है।

आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम में कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें काफी संख्या में कर्पूरी चौक में लोग एकत्रित हो कर और हाथों में मोमबत्ती लिये नारेबाजी करते हुए पांकी शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचें।

लाल सूरज ने घटना को निंदा करते हुए कहा कि पांकी की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर निर्मम हत्या किया गया है, जिससे मै कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। देश में कानून व्यवस्था खराब स्थिती में हैं। पूरे देश में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं पर चिंता जतायी।

कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने चिंता व्यक्त की, कि पूरे देश में बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं। बलात्कार जैसी घटनाएं पूरे देश को शर्मसार कर रही हैं, लेकिन फिर भी आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। पांकी की बेटी के साथ हुए घटना को लेकर कैंडल मार्च निकाल कर फांसी की सजा देने की मांग की गयी। कैंडल मार्च में पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल कांग्रेस कांग्रेस नेता निरंजन यादव, समाजसेवी बिनोद यादव, कांग्रेस जिला महासचिव आफताब आलम, अकमल खान, पूर्व प्रत्याशी मो आलम, ढूब पंचायत समिति सदस्य बबलू भुइयां, मुखिया विनोद कुमार यादव सौदागर सिंह, पूर्व मुखीया कामख्या नारायण सिंह, अरुण वर्मा, अरविंद सिंह, कैलाश प्रसाद, ललन भुइयां, संजय भुइयां, राजू, नरेश, छोटू भुइयां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




पांकी की बेटी के साथ हुए घटना को लेकर कैंडल मार्च निकालते लोग।

# राजनीतिक हैसियत के बगैर पुरस्कार भी फीका है : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति युवा मंच औरंगाबाद के तत्वावधान में मैट्रिक इंटर पास विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव शामिल हुए। मौके पर पूरी समिति के लोग गर्मजोशी से उनका स्वागत किए एवं उन्हें मंच तक लाए। समिति के अध्यक्ष ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर, फूलमाला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर श्री देव ने रेड रिबन काट कर मंच का उद्घाटन और सामूहिक रूप से दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रतिभा सम्मान समारोह में आये बच्चों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि हर सवाल का जवाब इंकलाब है। आप ऊंची तालीम लेकर बदलाव के बीज बो सकते हैं और अपने मुकद्दर को बदल सकते हैं। जिंदगी का मकसद सिर्फ पेट भरना नहीं है, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में सर्वस्व निछावर करना है। देश के तमाम मेधा अपनी अमोघ ऊर्जा को निजी हित में नहीं लगाया, बल्कि देश और समाज को बदलने में लगाया। बुद्ध राजमहल छोड़े, सुभाष बाबू सिविल सर्विसेज छोड़े, शहीद-ए-आजम जिंदगी दिए व कलाम साहब खुद को विज्ञान को समर्पित किए। आजादी के दीवानों ने अंग्रेजों को भगाने के लिए स्कूल कॉलेज की पढ़ाई को छोड़े। हम आपको कहते हैं कि आप उच्च शिक्षा लेकर देश के सर्वोच्च पद को हासिल करें, समाज की यही बड़ी उपलब्धि होगी। राजनीति सर्वोच्च शक्ति है, इसे समझें और करें, क्योंकि राजनीति की शुरूआत विद्यार्थी जीवन से ही होती है। दुनिया के तमाम चीजें राजनीति से प्रभावित हैं। जिस समाज के इतिहास नहीं है, जिस समाज के राजनेता नहीं हैं, वह समाज बंजर भूमि के समान है, इसीलिए हमने कहा कि राजनीतिक हैसियत के बिना किसी भी पुरस्कार का कोई मतलब नहीं है। आज अगर मेरा कोई सांसद, विधायक या मंत्री होता तो हमारा रुतबा भी कुछ और होता। वक्त की पुकार है...एसेंबली में मुखर आवाज...हम उम्मीद करते हैं 25 में बिहार विधानसभा में कोई कुम्हार बंधु का धमाकेदार एंट्री होगी और पूरा सदन तालियों से गूंजेगा। मौके पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत किये। इस मौके पर उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए राज्याध्यक्ष रूपेश जी, महामंत्री पिंटू गुरुजी, अटलजी और औरंगाबाद समिति की पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया।



# अमृत कृषि पद्धति पर्यावरण संरक्षण का बेहतर विकल्प: बीडीओ

**पथरा मुखिया का सार्थक प्रयास: जैविक संसाधन से बासमती धान की खेती कर किसान बन रहे आत्मनिर्भर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत में अमृत कृषि पद्धति के तहत ग्रामीण किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती को अपनाने का एक अनूठा और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। ग्राम पंचायत में गोबर, गोमूत्र और स्थानीय जैविक संसाधनों का उपयोग कर सिंध बासमती धान की खेती की गई । इस परियोजना में कुल 20 किसानों ने सहभागिता की और 11 क्विंटल धान का सफल उत्पादन किया। विदित हो कि पंचायत के मुखिया नरेश पासवान का सार्थक प्रयास से पथरा पंचायत के किसान प्राकृतिक खेती से गांव को समृद्ध व खुशहाल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे है, जो अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। मुखिया नरेश पासवान के अथक प्रयास और मार्गदर्शन से यह पहल सफल हो रहा है। अमृत कृषि पद्धति के माध्यम से गांव अब रसायन मुक्त खेती की दिशा में अग्रसर हो रहा है। ग्रामीणों की इस सफलता ने पूरे क्षेत्र में एक नयी उम्मीद जगाई है। सिंध बासमती धान की खेती में योगदान देने वाले किसान संजय कुमार, विनोद कुमार, जमुना बैठा, शारदा देवी, रामप्यारे राम, ममता देवी, परमेश्वर मेहता, राणा सिंह, राम ब्रिज राम, रामदेव पासवान, प्रमोद मेहता, महेश मेहता, संजय मेहता, तुलसी मेहता, देवंती देवी, कर्म देव यादव, अर्जुन मेहता आदि का नाम शामिल है।

मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि बासमती धान की सफलता से प्रेरित होकर, अब पथरा पंचायत के किसान 5 एक-ड़ भूमि पर खापली गेहूं देसी बीज की खेती कर रहे हैं। यह कदम भी प्राकृतिक खेती की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। वही गांव में कार्यरत स्वावलंबी योजना की दीदीयों ने इस परियोजना में सक्रिय भूमिका निभायी, जिससे खेती के सभी चरणों में किसानों को प्रोत्साहन और सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि रसायन मुक्त खेती ग्रामीण किसान को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कदम है।



बासमती धान के साथ मुखिया और किसान।

### बॉक्स:-क्या कहना है बीडीओ का

इस संबंध में हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि पथरा पंचायत के मुखिया के सार्थक प्रयास से वहां के किसान प्राकृतिक खेती की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जो सराहनीय प्रयास है। अमृत कृषि पद्धति किसानों के कृषि उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बेहतर विकल्प है। हम सबो का प्रयास होगा कि क्षेत्र के अन्य पंचायत के किसान भी जागरूक होकर कृषि की नई तकनीक व प्राकृतिक खेती की ओर आगे बढ़े।

## स्पोर्ट्स



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी वनडे में वस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर वनडे सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया, और रेणुका ठाकुर प्लयर ऑफ द सीरीज बनीं।

# इंडिया विमेंस ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया

## तीसरा वनडे 5 विकेट से जीता, रेणुका ठाकुर प्लेयर ऑफ द सीरीज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया। भारतीय टीम ने पहला मैच 211 और दूसरा 115 रन से जीता था। 3 वनडे में 10 विकेट लेने वालीं रेणुका सिंह ठाकुर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं।

वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गये मैच में वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन पर ही सिमट गयी। जवाब में भारत ने 28.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 39 रन बनाए और 6 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




**हेनरी का अर्धशतक, दीप्ति को 6 विकेट :** वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन बनाए। मैच के पहले ओवर में ही रेणुका सिंह ने दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया। कीयाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज बिना खाता खोले ही आउट हुईं। टीम के लिए शिनेले हेनरी ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। शेमाइन कैंपबेल ने 46 रन बनाए। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 6 विकेट झटके। रेणुका सिंह ने 4 विकेट लिए। टारगेट चेज करते हुए भारत ने 55 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। स्मृति मंधाना 4, हरलीन देओल 1 और प्रतिका रावल ने 18 रन बनाए। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 32 रन और जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 रन की पारी खेली। वहीं दीप्ति ने 48 गेंद पर 39 और रिचा घोष ने 11 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाए।

**भारत ने 2-1 से जीती थी टी-20 सीरीज :** दोनों टीमों के बीच वनडे से पहले 3 टी-20 की सीरीज भी खेली गई थी। भारत ने पहला और तीसरा टी-20 जीता था, वहीं वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 में जीत मिली थी। भारत से स्मृति मंधाना ने तीनों मैचों में फिफ्टी लगायी थी।

# मेलबर्न टेस्ट: भारत पर फॉलोऑन का खतरा

## 22 गेंद में गंवाये 3 विकेट, स्कोर 164/5, फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन और बनाने हैं

एजेंसी

**मेलबर्न।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारतीय टीम पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। टीम ने शुक्रवार को स्टंप्स तक 164 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिये हैं। ऋषभ पंत 6 और रवींद्र जडेजा 4 रन पर नाबाद लौटे हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन और बनाने हैं। इस मैच का फॉलोऑन मार्क 275 रन है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाये हैं।

मेलबर्न में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन भारत ने आखिरी 6 ओवर में 3 विकेट गंवा दिये। 40 ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 148/2 था, जोकि 46 ओवर के बाद 164/5 हो गया।




टीम ने 41वें ओवर की आखिरी बॉल पर नाइट वाचमैन आकाश दीप का विकेट गंवाया था, वे खाता नहीं खोल सके। इससे पहले विराट कोहली (36 रन) और यशस्वी जायसवाल 82 रन बनाकर रनआउट हुए। रोहित शर्मा (3 रन) और केएल राहुल (24 रन) को पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। स्कॉट बोलैंड को 2 विकेट मिले।

ऑस्ट्रेलियाई पारी में स्टीव स्मिथ ने 197 बॉल पर 140 रन बनाये। उन्होंने टेस्ट करियर का 34वां शतक जमाया। यह उनका भारत के खिलाफ 11वां शतक है। युवा ओपनर सैम कोंस्टास (60 रन), उस्मान ख्वाजा (57 रन ) और मार्नस लाबुशेन (72 रन) ने अर्धशतक बनाये। भारत से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। आकाश दीप को 2 और मोहम्मद सिराज को एक विकेट मिला।

**जायसवाल-कोहली ने की शतकीय साझेदारी:** यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। 41वें ओवर में स्कॉट बोलैंड की 5वीं बॉल पर जायसवाल ने चौका जमाते हुए टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 51 के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

## पार्थ इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में लगी आग



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर क्षेत्र के आमाघटा में पार्थ इस्पात प्राइवेट लिमिटेड शुक्रवार लगभग सुबह 5:00 बजे लगी आग आग लगने के बाद आसपास अफरा तफरी मच गयी। आनन फानन में दमकल की गाड़ी को सूचना दी गयी। इसके बाद से मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करती नजर आयी काफी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे बीत जाने के बाद आग पर काबू पाने में सफल हुए, तब तक काफी नुकसान हो चुकी थी। वहीं बता दे की दमकल की एक गाड़ी से पूरी तरह से आग नहीं बुझ पायी थी। जिसके बाद से एक के बाद एक दूसरी गाड़ी आये और दो दमकल की गाड़ियां मिलकर आग को बुझाने में पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया। वही कामकाज मजदूरों का कहना है कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से वह आग फैक्ट्री में भी फैल गयी और देखते ही देखते फैक्ट्री में रखा सामान धू धूकर जलने लगी अभी पूरी तरह से कह पाना मुश्किल है कि इसमें कितना का नुकसान हुआ है।

## जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने एमजीएम स्कूल की टीम रांची पहुंची



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एमजीएम स्कूल बोकारो की 40 सदस्य टीम झारखंड राज्य जूडो प्रतियोगिता के लिए जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल नामकुम रांची के लिए रवाना हुई। राज्य प्रतियोगिता का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर को किया जायेगा। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जनवरी में पुणे महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय सब जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय जूडो में भाग लेंगे। चयनित होने वाले खिलाड़ियों में अंशु कुमार, पार्थ नारायण, प्रिंस कुमार पांडे, प्रियांशु राज सिंह, राजवीर सिंह, सिद्धार्थ कुमार, शुभ कुमार, आयुष पटेल, सत्यम केसरी, शशांक कुमार, आयुष कुमार, अर्पित टोप्पो, हर्षवर्धन सिंह, प्रिंस कुमार सोलंकी, अभिनव संकल्प, साक्षी सिंह, सोलंकी, आयशा रंजन, प्राची कुमारी, प्रियदर्शनी सिंह, जया कुमारी, प्रियांशी, गौरव, रिचानंद, आराध्या, रावत, प्रवीण कुमार, धानांतर कुमार, शुभम कुमार, सक्षम कुमार, ऋतिक वर्मा, ओम आनंद, राहुल कुमार, इत्यादि खिलाड़ियों के साथ पुरुष वर्ग टीम कोच आयुष कुमार ठाकुर, टीम मैनेजर चिन्मय कुमार। वहीं महिला वर्ग में टीम कोच साक्षी श्रीवास्तव, टीम मैनेजर जैबा नाज, साथ में दीपक रंजन निर्णायक की भूमिका में अथवा आयुष पाठक सहायक प्रशिक्षक के रूप में रहेंगे। इस अवसर पर बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं भेंट की।

## मुखिया ने बच्चों को दिया स्वेटर



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत पदुगोड़ा पंचायत के राधानगर महतो टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विकास परियोजना बाघमारा के तहत आयोजित किया गया, जिसमें स्वेटर का वितरण पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी के हाथों से किया गया। वितरण के दौरान लाभुक बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किए गये। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका रेणु सुमित्रा देवी, सहायिका रीता देवी, रीता कुमारी, हरि ठाकुर, तुलसी दास सहित पोषक क्षेत्र के दर्जनों महिला–पुरूष उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास (पचगढ़ी) बाजार स्थित कांग्रेस प्रधान कार्यालय में नगर अध्यक्ष रंजित पाण्डेय के अध्यक्षता में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के मृत्यपरांत शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अपनी नम आंखों से दिवंगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। फिर उनकी आत्मा शांति हेतु मौन होकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। वही मंडल अध्यक्ष ने कहा कि देश ने सबसे बड़ा एक अर्थशास्त्री खोया है, जिसकी क्षतिपूर्ति कभी संभव नहीं है। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को एक नये आयाम तक ले गये थे। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, जिला परिषद सदस्य राजेश राम, जियाहुल हक मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, मंडल अध्यक्ष दयाल महतो, आलम अंसारी, रोहित, विनोद शर्मा, रामाशंकर लाल, रोबिन पाल, दिगम्बर सिंह,विनोद महतो, कुंदन भुइया, कारू भुइया, डाक्टर रामजी, मोहमद शोहल आदि लोग थे ।

## कारो परियोजना के विस्तार में बाधा बन रहे दुकान को समझौता के बाद तोड़ा

**करगली/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो मांइस की विस्तारीकरण में बाधा बने दुकान को कारो ग्राम के रैयत व प्रबंधन की समझौता नामा के आधार पर दुकान को तोडा गया। यहां प्रबंधन की ओर से स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी शंभु झा और कारो पीओ सुधीर सिंहा ने स्वं साधु महतो के बशंज रैयत चंद्रदेव महतो, शिवचरण महतो, गोपाल महतो, भुनेश्वर महतो, विकास महतो आदि से कई बातो की सहमति के बाद दुकान तोडा गया। चंद्रदेव महतो ने कहा कि परियोजना का विस्तारीकरण में शिवचरण महतो की दुकान 100 मीटर के अंदर आ रहा था, जिससे परियोजना का प्रोडक्शन लगभग एक माह से बंद था। यह दुकान से वे अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, मगर इस दुकान के कारण परियोजना का कार्य ठप हो गया था। परियोजना चलने से रैयतो को रोजगार भी मिलता था। एक माह से रोजगार भी नहीं मिल रहा है। इस कारण कुछ बिंदुओ पर प्रबंधन से वार्ता कर समझौता नामा बना। जिसके बाद दुकान हटाने का निर्णय लिया गया।

# धनबाद में हथियार के साथ छह अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर प्रिंस खान के छह गुर्गे गिरफ्तार किये गये हैं। इनकी गिरफ्तारी से धनबाद में हाल में घटी तीन आपराधिक कांड का उद्भेदन हुआ है। गठित एसआइटी ने केंदुआडीह, कतरास और धनबाद के बरटांड में छापामारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इनके पास से तीन पिस्तौल 16 जिंदा गोली एक कार और एक बाइक के अलावे 7 मोबाईल बरामद किया गया। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। आपराधिक घटना को अंजाम देने में गुर्गो को दिये जाने वाले रकम की जानकारी पुलिस ने जुटा ली है। सभी पहलुओं पर पूछताछ जारी है। साथ ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी छापामारी जारी है। गिरफ्तार अपराधियों में गणेश गुप्ता नामक अपराधी ही मास्टमाइंड है। जो कि कतरास का निवासी है और वह मूलतः बिहार का रहनेवाला है। एसएसपी ने कहा कि प्रिंस खान दुबई में बैठकर फोन करके धनबाद में आपराधिक गतिविधि करेगा तो धनबाद पुलिस नहीं बक्सेगी।

एसआइटी की टीम ने केंदुआडीह थानांतर्गत शिमलाबहाल ब्रिज के पास वाले स्थान से अपराधकर्मी राजेश कुमार बधावन, अजय कुमार सिंह एवं सागर कुमार मल्लाह उर्फ बिटटू को एक स्वीफट डिजायर कार से हथियार गोली मोबाइल इत्यादि के साथ गिरफ्तार किया।

कतरास थानांतर्गत निश्चितपुर रेलवे साइडिंग के पास से गणेश गुप्ता एव करण सिंह को मोटरसाइकिल से भागने के क्रम में पीछा कर गिरफ्तार किया गया जिनके पास से भी हथियार गोली बरामद हुआ। इसके साथ ही सूचना पर उनके एक अन्य सहयोगी प्रिवेश कुमार सिंह को धनबाद बसस्टैंड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने पूछताछ के दौरान अपने को प्रिंस खान गिरोह का सदस्य बताते हुए अभी तक हाल के दिनों में बरवाअड्डा थानांतर्गत कुमीर्डीह में सीमेंट व्यापारी चेतन महतो के उपर हुई फायरिंग, तेतुलमारी थानांतर्गत रेलवे साइडिंग में हुई फायरिंग तथा बलियापुर थानांतर्गत मार्शलिंग यार्ड में कार्यरत मजदूर को प्रिंस खान के ईशारे पर गोली मारने की बात स्वीकार की है। इनसे प्राप्त पूछताछ के आधार पर अन्य संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

## रिकॉर्ड रूम के प्रधान सहायक को एसीबी की टीम ने घूस लेते पकड़ा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुराने डीसी ऑफिस में संचालित जिला अभिलेखाकार, रिकॉर्ड रूम में प्रधान सहायक (बड़ा बाबू) के पद पर पदस्थापित संजय कुमार एवं उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को शुक्रवार को एसीबी की टीम ने साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए दबोचा। दोनों की गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने भिस्तीपाड़ा स्थित देवालय अपार्टमेंट में आरोपी संजय कुमार के फ्लैट में भी दबिश दी। हालांकि टीम को उनके घर से कुछ हाथ नहीं लगा। एसीबी डीएसपी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज निकालने के नामपर रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतकर्ता धैया निवासी मनोहर महतो ने पिछले 20 तारीख को एसीबी में इसकी शिकायत की थी। टुंडी क्षेत्र में उनकी एक जमीन है जिसके सिलसिले में दस्तावेज निकालने को लेकर मनोहर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत का सत्यापन कर टीम ने कार्यालय में दबिश देकर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी साल धनबाद रिकॉर्ड रूम से ही एक लिपिक शुवेंन्दु को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।


## समाहरणालय, लातेहार
(भू-अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना
(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्न्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक–07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–जडेयांग चादर–II में भूमि का रकबा–**121.00** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–डडेया अंचल–लातेहार जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 171 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1036 | धान दो | 0.02 | 0.02 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–चंदु ठाकुर दक्षिण–निज |
| 172 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1039 | धान दो | 0.30 | 0.30 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–अमृत ठाकुर दक्षिण–अमृत ठाकुर |
| 173 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1046 | धान दो | 0.50 | 0.50 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–चंदु ठाकुर दक्षिण–बांध |
| 174 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1050 | धान दो | 0.56 | 0.56 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–सिदरा उरांव दक्षिण–कामेश्वर सिंह |
| 175 | जडेयांग चादर–II | 94 | 578 | टांड दो | 3.55 | 3.55 | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–रास्ता |
| 176 | जडेयांग चादर–II | 94 | 936 | टांड दो | 0.65 | 0.65 | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–चंदरू महतो |
| 177 | जडेयांग चादर–II | 105 | 883 | टांड दो | 0.72 | 0.72 | लेदरीया, भूइयां, पिता–नगू भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | लेदरीया, भूइयां, पिता–नगू भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | उत्तर–बुद्धु पहान दक्षिण–नन्दु ठाकुर |
| 178 | जडेयांग चादर–II | 108 | 1068 | पुरानी परती | 2.07 | 2.07 | सत्यनरायण सिंह, पिता–हवलदार सिंह एक सौ अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम व सुमित्रा देवी, पिता–जगदेव सिंह एक सौ सात अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम | सत्यनरायण सिंह, पिता–हवलदार सिंह एक सौ अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम व सुमित्रा देवी, पिता–जगदेव सिंह एक सौ सात अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– दक्षिण– |
| 179 | जडेयांग चादर–II | 110 | 930 | टांड दो नई परती | 0.93 | 0.93 | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–नंदु ठाकुर दक्षिण–निज |
| 180 | जडेयांग चादर–II | 110 | 932 | टांड दो नई परती | 0.65 | 0.65 | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–दुर्गा उरांव |
| 181 | जडेयांग चादर–II | 114 | 887 | धान दो | 0.44 | 0.44 | सहदेव भूइयां, पिता–रोहन भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–आरागुड़ी पत्रालय मुरूप | सहदेव भूइयां, पिता–रोहन भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–जड़ेयांग | उत्तर–नंदु ठाकुर दक्षिण–रास्ता |
| 182 | जडेयांग चादर–II | 116 | 622 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.05 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर– दक्षिण– |
| 183 | जडेयांग चादर–II | 116 | 624 (P) | टांड दो | 0.47 | 0.26 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–हरकीशुन |
| 184 | जडेयांग चादर–II | 116 | 827 | धान दो | 0.65 | 0.65 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–निज |
| 185 | जडेयांग चादर–II | 116 | 828 | टांड दो | 0.56 | 0.56 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–पंडरा उरांव |
| 186 | जडेयांग चादर–II | 116 | 852 | टांड दो | 0.04 | 0.04 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–एतवा भुईया दक्षिण–निज |
| 187 | जडेयांग चादर–II | 116 | 853 | टांड दो | 2.66 | 2.66 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–रास्ता |
| 188 | जडेयांग चादर–II | 117 | 1007 | टांड दो | 1.75 | 1.75 | सुखदेव उरांव, पिता–मंगरू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुखदेव उरांव, पिता–मंगरू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–जंगल |
| 189 | जडेयांग चादर–II | 118 | 860 | टांड दो | 1.35 | 1.35 | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टेकही | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टेकही | उत्तर–नाला दक्षिण–पुरानी परति |
| 190 | जडेयांग चादर–II | 119 | 988 (P) | धान दो | 0.57 | 0.46 | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–निज दक्षिण–बिगु उरांव |
| 191 | जडेयांग चादर–II | 119 | 1003 | धान दो | 0.74 | 0.74 | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | सुखलाल उरांव, पिता–फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–मंगरा उरांव दक्षिण–सुकरा उरांव |
| 192 | जडेयांग चादर–II | 121 | 625 (P) | टांड दो | 0.49 | 0.39 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–सुमा भुईया दक्षिण–रास्ता |
| 193 | जडेयांग चादर–II | 121 | 626 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.04 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर– दक्षिण– |
| 194 | जडेयांग चादर–II | 121 | 627 | टांड दो | 0.05 | 0.05 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–निज |
| 195 | जडेयांग चादर–II | 121 | 837 | टांड दो | 1.28 | 1.28 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रसबा उरांव दक्षिण–निज |
| 196 | जडेयांग चादर–II | 121 | 911 | धान दो | 0.05 | 0.05 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–नंदु ठाकुर |
| 197 | जडेयांग चादर–II | 121 | 923 | टांड दो | 0.21 | 0.21 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर– दक्षिण– |
| 198 | जडेयांग चादर–II | 121 | 925 | धान दो | 0.70 | 0.70 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–मधु उरांव दक्षिण–कैलेश्वर |
| 199 | जडेयांग चादर–II | 121 | 979 | टांड दो | 0.57 | 0.57 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–पुरानी परती |
| 200 | जडेयांग चादर–II | 124 | 553 | टांड दो | 0.86 | 0.86 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–नाला दक्षिण–निज |
| 201 | जडेयांग चादर–II | 124 | 782 | टांड दो | 1.74 | 0.01 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रति उरांव दक्षिण–रति उरांव |
| 202 | जडेयांग चादर–II | 124 | 816 (P) | टांड दो | 0.11 | 0.07 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रति उरांव दक्षिण–नाला |
| 203 | जडेयांग चादर–II | 124 | 1049 | धान दो | 0.18 | 0.18 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–धामु उरांव दक्षिण–रति उरांव |
| | | | कुल– | | | 121.00 | | | |

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का प्रतिवेदन अध्याय II के अन्तर्गत धारा–4(4) उपधरा (1) में निर्दिष्ट सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के अन्तर्गत अन्य मामलो में निम्नलिखित सम्मिलित होगे, अर्थात

(क) इस बात का निर्धारण कि क्या प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है
(ख) प्रभावित कुटबों का और उनमें से उन कुटंबों की संख्या का प्राक्कलन जिनके विस्थापित होने की संभावना है,
(ग) ऐसी सार्वजनिक प्राईवेट भूमि, मकानों, बन्दोबस्तों और अन्य समान संपतियों की सीमा, जिनके प्रस्तावित अर्जन से प्रभावित होने की संभावना है।
(घ) क्या अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा उस परियोजना के लिए पूर्णतया यर्थाथ न्यूनतम सीमा तक की ही है,
(ड़.) क्या किसी आनुकल्पिक स्थान पर भूमि का अर्जन किए जाने पर विचार किया गया है और उसे साध्य नहीं पाया गया है,
(च) परियोजना के सामाजिक समाघातों तथा उनको ठीक करने की प्रकृति और खर्च तथा इन खर्चो का परियोजना के समग्र खर्च पर परियोजना के फायदों की तुलना में समाघात के अध्ययन :

परन्तु पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अध्ययन यदि कोई हो, साथ–साथ किया जाएगा और यह सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के पूरा होने पर निर्भर नहीं करेगा।

(5) समुचित सरकार, उपधारा (1) के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का कार्य हाथ में लेते समय अन्य बातों के साथ उप समाघात पर विचार करेगी जो कि परियोजना से विभिन्न घटकों पर जैसे कि प्रभावित कुटंबों की जीविका सार्वजनिक और सामुदायिक, सम्पतियों, आस्तियों, तथा अवसंरचना, विशिष्टतया, सडकों, लोक परिवहन, जल–निकास स्वच्छता, पेयजल के स्त्रोतो, पशुओं के लिए जल के स्त्रोतो, सामुदायिक, जलाशयों, चरागाह भूमि, बागानों, जन सुविधाओं पर जैसे कि डाकघर उचित दर दुकाने खाद्य भंडारण गोदाम, विधुत प्रदाय, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाए विद्यालय और शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण सुविधाए, आंगनबाडी, बाल उद्यान पूजा स्थल पारम्परिक जनजातीय संस्थाओं और कब्रस्थान तथा शमशान घाट के लिए भूमि पर पडने की संभावना है।

(6.) समुचित सरकार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने वाले प्राधिकारी से उपधारा (5) में निर्दिष्ट किसी विनिर्दिष्ट घटक के लिए समाघात को ठीक करने के लिए अपनाए जाने वाले अपेक्षित सुधारक उपायों को सूचीबद्ध करते हुए एक सामाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार करने की अपेक्षा कर सकेगी और ऐसे उपाय, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की उस प्रभावित क्षेत्र में प्रवर्तित किसी स्कीम या कार्यक्रम के अधीन जो कुछ उपलब्ध कराया गया है उससे कम नही होगे।

धारा–5 जब कभी धारा 4 के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण तैयार करने हेतु समुचित सरकार लोक सुनवाई के लिए तारीख, समय और स्थान के बारे में पर्याप्त प्रचार करने के पश्चात् प्रभावित कुटुबों के मतो का सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट में अभिलिखित और सम्मिलित किया जाना अभिनिश्चित करने के लिए प्रभावित क्षेत्रा में लोक सुनवाई के किए जाने को सुशिचित करेगी।

धारा–6(1)समुचित सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट तथा धारा–4 की उपधारा(6) में निर्दिष्ट समाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार की जाए और यथास्थिति, पंचायत नगरपालिका या नगर निगम को तथा जिला कलक्टर, उपखंड मजिस्ट्रेट और तहसील कार्यालयों में स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाए और प्रभावित क्षेत्रों में ऐसी रीति में जो विहित की जाए प्रकाशित की जाए और समुचित सरकार की वेबसाईट पर अपलोड की जाए।

एस0आई0ए0 की अधिसूचना के लिए नियम 6 का उप नियम (i) शामिल होगे।

I परियोजना का नाम, प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण और अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार परियोजना क्षेत्र और एस0आई0ए0 द्वारा आच्छादित प्रभावित क्षेत्र।
II एस0आइ0ए0 के प्रमुख उदेश्य और मुख्य क्रियाकलाप जिसके अन्तर्गत है (क) परामर्श (ख) सर्वेक्षण (सर्वे) (ग) लोक सुनवाई / सुनवाईयों।
III एस0आइ0ए0 के लिए टाईमलाईन और अंतिम परिदेय (एस0आइ0ए0प्रतिवेदन और एस0आई0एम0पी0) साथ ही उनके प्रकटीकरण की रीति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।
IV यह कथन कि इस अवधि के दौरान प्रपीडन अथवा भय उत्पन्न करने की कोई कोशिश हुई है तो यह इसे अकृत और शून्य कर देगा।

यह अधिसूचना भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा 4 एवं नियमावली 2015 की अध्याय III के नियम 6 के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार। | अपर समाहर्ता, लातेहार। | उपायुक्त, लातेहार।

PR 342966 Land Reforms (24-25)_D

## ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर पहुंचे, कहा

# जनता का सेवा करूं यही मेरा मिशन

**ओड़िशा के नये राज्यपाल शपथ लेंगे उसके बाद रघुवर दास फिर से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता लेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शुक्रवार को अपने शहर जमशेदपुर पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। रघुवर दास ने प्रेस से कहा कि प्रभु जगन्नाथ की पावन धरती ओड़िशा मेरा कर्म क्षेत्र रहा है और आज महाप्रभु जगन्नाथ की इच्छा से ही मैं फिर अपने जन्मभूमि और कर्मभूमि में वापस लौटा हूं। उन्होंने कहा कि एक राज्यपाल के रूप में मेरा 14 महीने का कार्यकाल रहा है और मुझे लोगों का बहुत प्यार, साथ एवं स्नेह मिला है और अब फिर मैं अपनी झारखंड की भूमि पर जनहित का कार्य करुंगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करूंगा और पार्टी मुझे जो भी पद प्रदान करेगी उसे स्वीकार कर पूरी तत्परता के साथ जनता की सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी राजनीति में कभी कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही। 1980 में भारतीय जनता पार्टी जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बूथ अध्यक्ष का सफर तय करते-करते दो दो बार मंडल अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष जिला महामंत्री 1995 के बाद जमशेदपुर की महान जनता ने 25 साल तक जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाने का मौका दिया। इसके बाद मंत्री, उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री फिर पार्टी का दो दो बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना। मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। मेरा कोई मिशन नहीं है, मिशन यही है कि जनता का सेवा करूं। मैंने कभी पार्टी से पद नहीं मांगा पार्टी ने महसूस की तो पार्टी ने जिम्मेदारी दी। और मैने उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से जनहित और राष्ट्रहित में निभाया।

पार्टी का एक सिपाही हूं, एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया। एक सामान्य कार्यकर्ता को इस शिखर तक पहुंचाया। मेरा भी बस एक ही महत्वाकांक्षा है पार्टी का सेवा करूं। उन्होंने कहा कि जैसे ही ओडिशा और मिजोरम के राज्यपाल शपथ लेंगे उसके बाद मैं भी फिर से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता लूंगा।



### पहले भी किया, आगे भी जनता की सेवा करूंगा

हम ने ऑपरेशन जस्टिस प्रोग्राम शुरू किया था जब लेबर मंत्री था तब विभिन्न कंपनियों में ठेकेदार के द्वारा लोगों को नेचर ऑफ जॉब से जोड़ने का काम किया। असंगठित मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दिलाने का काम किया। टाटा मोटर्स कंपनी में प्रत्येक वर्ष 200 बाय-6 कर्मचारियों को परमानेंट करने का काम शुरू कराया। जब मैं भवन मंत्री बना अधूरे डीसी कार्यालय को बनाने का काम किया। एमजीएम अस्पताल में बर्न यूनिट बनाने का काम किया। जब राज्य का नगर विकास मंत्री बना तो वूमेन एस यूनिवर्सिटी बनाने का काम किया। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में टाउन हॉल नहीं था। किसी भी कार्यक्रम के लिए लोगों को काफी परेशानी होती थी। जिसको देखते हुए टाउन हॉल बनाया गया। शादी विबाह के लिए विधायक निधि से सोन मंडप बनाया। जहां मजदूर परिवार को काफी सुविधा हुई है। इसके अलावा कई ऐसे नागरिक सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराया गया। दास ने कहा मेरा एक ही ख्वाहिश रह गयी जिसे हम पूरा नहीं कर सका। उन्होंने कहा तार कंपनी तो चालू कर दिए हैं लेकिन कानूनी पेचीदा के कारण केवल कंपनी चालू नहीं कर पाए इसका काफी अफसोस है। उसके लिए मैं दोषी नहीं हूं। जब फैसला होना रहा वहां के यूनियन नेता साथ नही दिया। उन्होंने कहा 86 बस्ती मालिकाना हक सिटी एक्ट के तहत है। जिस तरह टाटा को लीज दिया गया उसी तरह वर्तमान सरकार इस मामले में सीधे लीज दे। उन्होंने कहा बस्ती वासियों के लिए हमने जरुरी सुविधा उपलब्ध कराया। आने वाले समय में आगे भी जनता की सेवा करते रहेंग।

## सात दिन के राष्ट्रीय शोक के कारण केंद्रीय गृह मंत्री का ओड़िशा दौरा स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ओड़िशा दौरा स्थगित कर दिया गया है। जाजपुर निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रवींद्र नारायण बेहरा ने आज यह जानकारी दी। शाह के राज्य दौरे के बारे में कलिंगा टीवी से बात करते हुए बेहरा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री का निर्धारित दौरा स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि देश पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिनों का शोक मना रहा है। जाजपुर के सांसद ने कहा, ₹पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की कल अचानक मृत्यु के बाद केंद्र सरकार ने सात दिन का शोक मनाने का निर्देश दिया है, इसलिए सभी सरकारी कार्यक्रम और आयोजन रद्द कर दिये गये हैं। केवल स्मारक समारोह और कुछ न्यूनतम आधिकारिक कार्य किए जा सकते हैं और हमें पार्टी द्वारा बताया गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ओड़िशा दौरा इसी के मद्देनजर रद्द कर दिया गया है। जैसा कि कल भाजपा के ओड़िशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने बताया था, अमित शाह कल भुवनेश्वर आयेंगे और 29 दिसंबर को दिल्ली लौटने से पहले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके दो दिवसीय कार्यक्रम से पता चला है कि शाह को भुवनेश्वर से दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय से जुड़ने वाली एक वीडियो कांफ्रेंस बैठक में भाग लेना था। इसके अलावा उन्हें कलिंगा स्टेडियम में पार्टी के विधान सभा सदस्यों (विधायकों), सांसदों और कार्यकर्ताओं से भी बातचीत करनी थी।

## ओड़िशा के चार जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के भुवनेश्वर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने आज ओड़िशा के चार जिलों के लिए घने कोहरे की पीली चेतावनी जारी की। आइएमडी ने कहा कि कल यानी 28 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे तक राज्य के कालाहांडी, कंधमाल, बलांगीर और नवरंगपुर जिलों में एक या दो स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी भविष्यवाणी की है कि ओड़िशा के जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है और सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा और क्योंझर जिले में एक या दो स्थानों पर हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। विभाग ने यह भी कहा कि 28 दिसंबर 2024 को सुबह 8.30 बजे से 29 दिसंबर 2024 को सुबह 8.30 बजे तक बरगढ़, बलांगीर, नुआपाड़ा, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, संबलपुर और सोनेपुर जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश और ओडिशा के बाकी जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है।

इसी तरह, सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, क्योंझर, कंधमाल और कालाहांडी जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, 29.12.2024 को सुबह 8.30 बजे से 30.12.2024 को सुबह 8.30 बजे के बीच राज्य के बाकी जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने चेतावनी दी है कि इसके बाद 30.12.2024 को सुबह 8.30 बजे से 31.12.2024 को सुबह 8.30 बजे तक ओडिशा के जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है।

## प्रख्यात अर्थशास्त्री और एक महान इंसान को खो दिया : डॉ पी के मिश्रा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। डॉ मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक बहुत ही प्रतिष्ठित नेता, एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और एक महान इंसान को खो दिया है। डॉ मनमोहन सिंह से जुड़ी मेरी यादें उस समय की हैं जब वे दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में पढ़ाते थे। मैं उन दिनों एम ए के प्रथम वर्ष में था। उस दौर के दिग्गज प्रोफेसरों के बीच उन्हें पाना पश्चिमी ओड़िशा के संबलपुर जिले से आये मेरे जैसे एक छात्र के लिए बहुत ही सुकून देने वाला था। वे दिन थे जब अमर्त्य सेन, मृणाल दत्ता चौधरी, ए एम खुसरो, के एन राज, सुखमय चक्रवर्ती, धर्म कुमार और अन्य जैसे बहुत ही प्रतिष्ठित प्रोफेसर वहां पढ़ाते थे। वे बेहद विनम्र और शांत स्वभाव के थे। बाद में मुझे उनके साथ बातचीत करने का सौभाग्य मिला, जब प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान मैं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में सचिव के रूप में काम कर रहा था। जब भी मैं उनसे मिला, मैंने उनके व्यवहार में वही सादगी, ईमानदारी और विनम्रता पाई। इस कठिन समय में मेरी गहरी संवेदनाएं और भावनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं।

## चलती ट्रेन से गिरने से महिला और 12 वर्षीय बेटे की हालत गंभीर



ढेंकनाल (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के ढेंकनाल जिले में शुक्रवार को चलती ट्रेन से गिरने से एक महिला और उसके 12 वर्षीय बेटे की हालत गंभीर हो गयी। यह घटना डंडीमल स्टेशन पर हुई। महिला की पहचान भगवती देहुरी और उसके 12 वर्षीय बेटे की पहचान रुद्र नारायण देहुरी के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला और उसके 12 वर्षीय बेटे को मेरामंडली रेलवे स्टेशन से दांडीमल रेलवे स्टेशन तक यात्रा करनी थी। तदनुसार, उन्हें दांडीमल स्टेशन पर रुकने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ना चाहिए था, लेकिन किसी तरह वे मेरामंडली स्टेशन पर पुरी दुर्ग एक्सप्रेस में चढ़ गये। अब जब ट्रेन दांडीमल पहुंची और एक्सप्रेस ट्रेन होने के कारण वहां नहीं रुकी, तो वे चिंतित हो गये और किसी तरह उतरने की कोशिश की। इस कोशिश में चिंतित छोटे बच्चे का पैर बोगी के दरवाजे के पास फिसल गया। अपने बेटे को बचाने की कोशिश में मां भी गिर गयी। घटना के बाद दोनों को गंभीर हालत में ढेंकानाल जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मयूरभंज जिले के कप्तिपाड़ा में चार मंदिरों से सिलसिलेवार लूट

कपटीपाड़ा (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के मयूरभंज जिले में कल रात सिलसिलेवार लूट की वारदात हुई। कपटीपाड़ा बाजार इलाके में चार मंदिरों से लूट की वारदात हुई। रिपोर्ट के अनुसार, चोरों ने कल रात कपटीपाड़ा बाजार क्षेत्र में देवी लक्ष्मी मंदिर, देवी पार्वती मंदिर, मां मंगला मंदिर और देवी चंडी मंदिर में चोरी की। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर देवी का मुकुट, कान की बाली, चिट्टा और देवी की कुछ पूजा सामग्री लूट ली। इसके अलावा उपद्रवियों ने सभी मंदिरों की हुंडी (दान पेटी) भी तोड़ दी और दान की रकम लूट ली। गौरतलब है कि बदमाशों ने एक ही रात में चार मंदिरों में लूटपाट की है। उन्होंने मंदिरों से लाखों रुपये के चांदी, सोने के आभूषण और नकदी लूट ली है। मंदिर समिति द्वारा कप्तिपाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## समकालीन योग शैलियों पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** केआइआइट स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एंड योगिक साइंसेज, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नयी दिल्ली के सहयोग से, 27 दिसंबर 2024 को समकालीन योग शैलियों पर दो दिवसीय प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन। खेल प्रशिक्षण और खेल प्रदर्शन के लिए अनुप्रयोग और लाभ (आईसीसीवाईएसपी 2024) की मेजबानी कर रहा है। प्राचीन ज्ञान को आधुनिक खेल विज्ञान के साथ एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में (केआइआइट) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (केआइआइट-डीयू) के स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एंड योगिक साइंसेज ने 27 दिसंबर 2024 को समकालीन योग शैलियों पर अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। खेल प्रशिक्षण और खेल प्रदर्शन के लिए अनुप्रयोग और लाभ। दो दिवसीय सम्मेलन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू), नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यू के की प्रसिद्ध शोधकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रो पायोशनी मित्रा ने एक प्रभावशाली मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने खेलों में लैंगिक समानता पर गहन अंतर्दृष्टि साझा की।

उन्होंने केआइआइटी, केआइएसएस और केआइएमएस के माननीय संस्थापक प्रो अच्युत सामंत की खेल और योग उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके अथक प्रयासों और अटूट समर्थन के लिए सराहना की। सम्मेलन में एआईयू, नयी दिल्ली के संयुक्त सचिव (खेल) प्रो डॉ बलजीत सिंह सेखों, पशु प्रजनन आनुवंशिकी विभाग के निदेशक और ओयूएटी के खेल परिषद के पूर्व सचिव प्रो सुशांत कुमार दाश, उत्कल विश्वविद्यालय में योग के प्रोफेसर डॉ सत्यनारायण मिश्रा, आईजीआईपीएस (दिल्ली विश्वविद्यालय) के प्रोफेसर प्रो तारकनाथ परमानिक, मणिपाल विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ रीना पूनिया, (केआईआईटी-डीयू) के रजिस्ट्रार प्रो ज्ञान रंजन मोहंती, केआईआईटी स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एंड योगिक साइंसेज के सम्मेलन संयोजक और महानिदेशक डॉ गगनेंदु दाश और खेल निदेशक श्री ललातेंदु मिश्रा की उपस्थिति ने सम्मेलन को और समृद्ध बनाया। सम्मान समारोह के दौरान प्रो ज्ञान रंजन मोहंती और डॉ गगनेंदु दाश ने केआईआईटी, केआईएसएस और केआईएमएस के माननीय संस्थापक प्रो अच्युत सामंत की ओर से विशिष्ट वक्ताओं और अतिथियों को आभार और प्रशंसा के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सम्मेलन चर्चाओं, तकनीकी सत्रों और सहयोगात्मक संवादों के साथ एक ज्ञानवर्धक यात्रा होने का वादा करता है, जिसका उद्देश्य खेल प्रदर्शन, मानसिक लचीलापन और समग्र कल्याण को बढ़ाने में योग की परिवर्तनकारी क्षमता को उजागर करना है।

## केआइएमएस ने जटिल हृदय रोगों के उपचार के लिए पूर्वी भारत की पहली कार्डियक लेजर मशीन स्थापित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (केआइएमएस) ने जटिल हृदय रोगों के उपचार और स्टेंट के उपयोग को कम करने के लिए एक अत्याधुनिक जेनॉन क्लोराइड फ्यूजन कार्डियक लेजर मशीन स्थापित की है। जो पूर्वी भारत में पहली बार है। (केआइआइटी और केआइएसएस) के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा उद्घाटन की गयी उन्नत लेजर प्रणाली, कोरोनरी और परिधीय एथेरेक्टोमी, लीड प्रबंधन और उन रुकावटों को हटाने में सहायता करेगी, जिनका पारंपरिक एंजियोप्लास्टी द्वारा उपचार नहीं किया जा सकता है। कार्डियोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुपम जेना ने कहा कि इस लेजर मशीन के माध्यम से, हम अत्याधुनिक उपचार कर सकते हैं जो पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं थे। यह प्रणाली हमें (केआइएमएस) में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हृदय देखभाल प्रदान करने की अनुमति देती है। जटिल हृदय रोगों वाले मरीज, चाहे उनमें धमनी रुकावट हो या पेसमेकर लीड हटाने की आवश्यकता हो, इस तकनीक से बहुत लाभान्वित होंग। उन्होंने कहा कि मशीन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, डॉ जेना ने कहा, यह लेजर प्रणाली 20 और 30 की उम्र के युवा रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। यह स्टेंट की आवश्यकता के बिना क्लॉग और कैल्शियम जमा को भंग कर सकता है, जो अक्सर जटिलताओं का एक सेट होता है। कुछ मामलों में, स्टेंट प्लेसमेंट को पूरी तरह से टाला जा सकता है, जिससे हृदय की प्राकृतिक शारीरिक रचना को संरक्षित किया जा सकता है और बेहतर दीर्घकालिक परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते हैं। यह मशीन हमें रक्त के थक्कों और रुकावटों को भंग करने की अनुमति देती है जो मानक प्रक्रियाओं के लिए प्रतिरोधी हैं। यह जटिल कोरोनरी रोगों के प्रबंधन में काफी सुधार करता है और स्टेंट से जुड़े जोखिमों को कम करके रोगी की देखभाल को बढ़ाता है। ओड़िशा में कार्डियोलॉजी विभाग को सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जाता है, जो राज्य और बाहर से आने वाले रोगियों को उन्नत समग्र देखभाल और उपचार प्रदान करता है। यह पथ-प्रदर्शक सर्जरी करने के लिए जाना जाता है और कुछ सबसे उन्नत उपकरणों से सुसज्जित है। विभाग में प्रोफेसर सुबाशीष मिश्रा, डॉ अनुपम जेना, डॉ पंचानन साहू, डॉ चंदन कुमार रे महापात्रा (सीटीवीएस) जैसे जाने-माने डॉक्टर कार्यरत हैं।

POPKORN cinemas
Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE
Schedule For 27th Dec., 2024 onwards!
BABY JOHN
PUSHPA 2
at Screen-1 (Sujata)
Pushpa: The Rule-Part 2 : 10.00, 1.45, 5.30, 9.15
at Screen-2 (Miniplex)
Baby John : 11.00, 2.15, 5.00, 8.00
at Popkorn Cinemas
Baby John : 2.00, 8.30
Pushpa: The Rule-Part 2 : 10.30, 12.00, 3.45, 5.00, 7.30
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Stage, Any Type
संपूर्ण ईलाज
अब धनबाद में
Radiotherapy PET Scan Mammography
A Unit of Asarfi Hospital Ltd. 9297970030

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
मूल्य ₹190
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**